

| इन प्रमुख मार्गों का चयन | प्रस्तावित खर्च |
|---|---|
| जीई रोड - टाटीबंध से आमापारा चौक | 40 करोड़ रुपए |
| शास्त्री चौक से तेलीबांधा मार्ग | 35 करोड़ रुपए |
| कालीबाड़ी चौक से भाठागांव चौक मार्ग | 35 करोड़ रुपए |
| लाखेनगर चौक से महादेवघाट तक | 65 करोड़ रुए |
| आमापारा चौक से तेलीबांधा थाना चौक तक | 45 करोड़ रुपए |
| फाफाडीह चौक से वाल्टेयर ब्रिज तक | 25 करोड़ रुपए |

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 5 अप्रैल 2026

# आधा दर्जन प्रमुख मार्गों पर स्ट्रीट पोल पर झूलते तारों के गुच्छे होंगे अदृश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


अलग खबर

राजधानी के आधा दर्जन प्रमुख मार्गों पर अब स्ट्रीट पोल पर बिजली के तारों के गुच्छे नजर नहीं आएंगे, उन्हें भूमिगत कर सुरक्षित किया जाएगा। इससे आम जनता को विद्युत संबंधी हादसों का खतरा नहीं रहेगा, साथ ही संबंधित मार्ग की सुंदरता निखरेगी। रायपुर नगर निगम ने शहर को स्मार्ट शहर के अनुरूप विकसित करने यह योजना बनाई है। इसके लिए शहरी सरकार ने निगम बजट में 245 करोड़ का प्रावधान किया है। नगर निगम इस संबंध राज्य शासन को प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति के लिए भेजेगा। शहर के 6 प्रमुख मार्गों पर सालों से खुले में गुच्छों के रूप में लटक रहे और हादसों को आमंत्रित कर रहे बिजली के तारों को पूरी तरह से हटाकर अंडरग्राउंड बिजली की व्यवस्था की ⏭ शेष पेज 13 पर



## निगम बजट में बिजली के तारों को भूमिगत करने की योजना







## आधा दर्जन से अधिक प्रमुख मार्गों पर स्मार्ट सिटी ने कराया था काम

*रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने साल 2023 में भूमिगत विद्युतीकरण प्रोजेक्ट के तहत राजधानी के आधा दर्जन से अधिक प्रमुख मार्गों को बिजली के तारों से निजात दिलाई। 46 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में यह कार्य छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग के सुपरविजन में कराया गया। इसके लिए विद्युत मंडल को प्रोजेक्ट कास्ट की 2.5 फीसदी राशि सुपरविजन चार्ज के रूप में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा भुगतान किया गया। जिन प्रमुख मार्गों के बिजली खंबों मे पुराने बिजली तारों के गुच्छों को भूमिगत करते हुए नए सिरे संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को घरेलू कनेक्शन देने अनुबंधित एजेंसी ने डिस्ट्रीब्यूशन बाक्स भी लगवाए। रायपुर* ⏭ शेष पेज 13 पर

### स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट में इन प्रमुख मार्गों पर हुआ था काम

- जयस्तंभ चौक से फाफाडीह चौक तक
- जयस्तंभ चौक से मालवीय रोड होते कोतवाली चौक प्रमुख मार्ग
- लाखे नगर से बूढ़ेश्वर मंदिर तक
- लाखे नगर से आमापारा चौक तक
- महिला थाना से शास्त्री चौक वाला मार्ग
- महिला थाना से ओसीएम चौक और ओसीएम चौक से राजीव गांधी चौक तक
- सिटी कोतवाली से बिजली आफिस बूढ़ापारा चौक

## खबर संक्षेप

### गुम बच्ची को पिंक पेट्रोलिंग टीम ने परिजन को सौंपा

**रायपुर।** पुलिस की पिंक पेट्रोलिंग ने तीन साल की एक गुम बच्ची की पतासाजी कर उसकी मां को सौंपा।



पिंक पेट्रोलिंग की टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान आंबेडकर अस्पताल के ऑटो पार्किंग के पास एक बच्ची रोते हुए खड़ी मिली। बच्ची के संबंध में आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर किसी ने भी उसके बारे में जानकारी होने की बात से इंकार किया। पेट्रोलिंग टीम बच्ची को अपने साथ थाने लेकर गई। इस दौरान बच्ची की मां अपनी बेटे के बारे में पतासाजी करते थाने पहुंची। बच्ची की मां ने पुलिस को बताया कि वह फिजियोथैरेपी के लिए पंजीयन कराने गई थी। इस दौरान उसकी बेटी खेलते हुए अस्पताल के गेट के बाहर निकल गई।

# रायपुर में अवैध रूप से दूसरे जिलों से आ रही बारीक रेत, इसलिए कीमत भी 22 रुपए फीट

*रायपुर जिले में इन दिनों महासमुंद, गरियाबंद एवं धमतरी जिले से बारीक रेत का जमकर अवैध परिवहन हो रहा है। यही कारण है कि बारीक रेत की कीमत भी इन दिनों बढ़ी हुई है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रति हाईवा बारीक रेत की कीमत 22 हजार रुपए है, वहीं चिल्हर में ट्रैक्टर या छोटा हाथी में 25 रुपए फीट की दर से यह बेची जा रही है। रायपुर जिले में किसी भी क्षेत्र में संचालित वैध खदानों में बारीक रेत नहीं है। इससे बारीक रेत की सप्लाई भी जिले में नहीं हो पाती, जिसका फायदा रेत माफिया उठा रहे हैं। वे दूसरे जिलों से कम कीमत पर अवैध रूप से रेत मंगाकर इसे बढ़ी कीमत पर रायपुर सहित आसपास के जिलों में खपा रहे हैं।

रायपुर जिले में वर्तमान में वैध रूप से सिर्फ 8 रेत की खदानों में ही खनन किया जा रहा है। इन सभी खदानों से सिर्फ मीडियम क्वालिटी की रेत निकल रही है। इससे जिले में मीडियम रेत की सप्लाई में भी कमी नहीं है। खपत और मांग के अनुसार आम लोगों को पर्याप्त मात्रा में रेत मिल जा रही है, जिससे इसकी कीमत पर भी ज्यादा असर पड़ा नहीं है। मीडियम रेत जिले में अधिकतम 15 रुपए फीट तक आसानी से मिल जा रही है। देखा जाए तो वास्तविक में यह कीमत भी अधिक है। विभागीय सूत्रों की मानें, तो ⏭ शेष पेज 13 पर



### दिन की तुलना में रात में अवैध परिवहन ज्यादा

महासमुंद, गरियाबंद एवं धमतरी जिलों से बारीक रेत से भरी हाईवा गाड़ियां ज्यादातर रात के समय रायपुर जिले में प्रवेश कर रही है। इन गाड़ियों में 70 प्रतिशत से अधिक गाड़ियों के ड्राइवरों के पास रायल्टी पर्ची ही नहीं रहती। पिछले वर्ष 2025 में खनिज विभाग की कार्रवाई में इसका खुलासा भी हो चुका है। रात में गश्त के दौरान निकली टीम ने एक सप्ताह के दौरान 50 से अधिक दूसरे जिलों की रेत से भरी गाड़ियों को बिना रायल्टी पर्ची के पकड़कर उनके मालिकों पर जुर्माना लगाया था।

### रात में गश्त पर निकल नहीं रही टीम, इसलिए कार्रवाई भी नहीं

*खनिज विभाग की टीम ने इन दिनों रात के समय गश्त करना बंद कर दिया है। इसके कारण जिले में दूसरे जिलों से अवैध रूप से रेत से भरी गाड़ियां भी पकड़ी नहीं जा रहीं। सूत्रों की मानें, तो दूसरे जिलों से हर दिन 100 से अधिक रेत से भरी गाड़ियां रायपुर सीमा में बिना रायल्टी पर्ची के प्रवेश कर रही हैं। इससे शासन को भी हर दिन लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है।*

### लगातार निगरानी की जाती है

*रेत का अवैध परिवहन रोकने के लिए लगातार निगरानी की जाती है। समय-समय पर रात में भी टीम को निरीक्षण करने भेजा जाता है। कई बार कार्रवाई भी की गई है। अगर रात में अवैध परिवहन बढ़ा है, तो टीम को भेजकर कार्रवाई कराई जाएगी।*

*- राजेश मालवे*
*जिला खनिज अधिकारी रायपुर*

# ढाई दशक पूर्व गृह निर्माण ऋण घोटाला, तत्कालीन प्रबंधक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गरीबों को कम कीमत पर कागज में मकान निर्माण कर एक करोड़ 86 लाख रुपए का घोटाला करने के एक और फरार आरोपी सहकारी आवास संघ मर्यादित भोपाल के तत्कालीन प्रबंधक प्रदीप कुमार निखरा को एसीबी, ईओडब्लू ने गिरफ्तार किया है। घोटाला में शामिल तत्कालीन गृह निर्माण सहकारी समिति के तत्कालीन अध्यक्ष थावरदास माधवानी तथा पर्यवेक्षक बसंत कुमार साहू को एसीबी, ईओडब्लू की टीम ने पिछले महीने 18 मार्च को गिरफ्तार किया है। घोटाला में शामिल दो अन्य की मृत्यु हो चुकी है।



इन सभी पर आरोप है कि अविभाजित मध्यप्रदेश के समय वर्ष 1995 से 1998 के बीच इन लोगों ने जरूरतमंद 186 लोगों के लिये संचालित सरकारी आवासीय योजना के नाम पर एक-एक लाख रुपए ऋण राशि प्राप्त की थी। भौतिक सत्यापन में ऋण अभिलेखों में दर्शाए गए स्थलों पर न तो मकान निर्मित पाया गया और न ही संबंधित ऋणधारी वहां मिले। जांच में कूटरचित दस्तावेजों, फर्जी प्रमाणपत्रों तथा आपराधिक षड्यंत्र के माध्यम से ⏭ शेष पेज 13 पर






# KENT INTERNATIONAL SCHOOL

रायपुरा अमलेश्वर मार्ग, तिरंगा चौक रोड, झीट अमलेश्वर, मोबाईल - 7880111062, 8085123639

CBSE affiliation : 3330358

www.kentinternationalschool.com

प्रवेश प्रारंभ 2026-27

फीचर इम्पेक्ट

# स्कूल की परीक्षा से जिंदगी की परीक्षा तक आपके साथ

## केंट इंटरनेशनल स्कूलः जो एआई, रोबोटिक्स और संस्कार के मेल से बदल रहा एजुकेशन की परिभाषा...






रायपुर स्थित केंट इंटरनेशनल स्कूल एक ऐसा संस्थान है। है जो विद्यार्थियों को इंगेज, एजुकेट और एम्पावर करने की अवधारणा पर कार्य करता है। यहां यंग माइंड्स को भविष्य की चु चुनौतियों के लिए तैयार किया जाता है। स्कूल में नर्सरी से लेकर इंटर (कक्षा 12वी) तक की पढ़ाई उपलब्ध है। कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए साइंस, कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज तीनों स्ट्रीम्स की सुविधाएं मौजूद हैं।

केंट इंटरनेशनल स्कूल पारंपरिक मूल्यों के साथ आधुनिक शिक्षा का संतुलित समन्वय प्रदान करता है। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि आवश्यक कौशल और जीवन मूल्यों से भी समृद्ध करना है, ताकि वे विद्यालयी परीक्षाओं के साथ-साथ जीवन की चुनौतियों में भी जिम्मेदारी और प्रभावी तरीके से सफल हो सकें। यहां छात्रों के पर्सनल और प्रोफेशनल डेवलपमेंट के लिए लाइफ स्किल्स पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे वे सामाजिक रूप से जागरूक, जिम्मेदार और सक्षम नागरिक बन सकें।

**"सीखने से रचनात्मकता आती है, रचनात्मकता से चिंतन का विकास होता है, चिंतन से ज्ञान प्राप्त होता है और ज्ञान ही आपको महान बनाता है।"**

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के इन्हीं विचारों को आधार मानते हुए केंट इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल प्रतिभा पंड्या कहती हैं कि हमारा प्रयास है कि यहां पढ़ने वाला हर बच्चा जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंचे। बदलते दौर में जब शिक्षा व्यवसाय का रूप ले रही है, तब हम अपनत्व और संवेदनशील वातावरण के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार, अनुशासित और जागरूक नागरिक बनाना है। यहां ज्ञान, संस्कार और आधुनिक कौशल का संतुलित माहौल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। हमें विश्वास है कि यहां सीखे मूल्य उन्हें जीवन में नई ऊंचाइयों तक जरूर लेकर जाएंगे।

**मिस प्रतिभा पंड्या,**
M.A. M.Phil, B.ed
प्रिंसिपल, केंट इंटरनेशनल स्कूल

## रटना नहीं, समझना सिखाते हैं अनुभवी टीचर्स

केंट स्कूल में अनुभवी और प्रशिक्षित टीचर्स व मेंटर्स बच्चों को बुनियादी तौर पर मजबूत करते है, ताकि उनकी रीडिंग, राइटिंग और नंबर की समझ मजबूत बने। यहां पढ़ाई रटने पर नहीं, समझने और सोचने पर आधारित है। बच्चों को क्रिटिकल थिंकिंग सिखाई जाती है ताकि वे सवाल पूछें और खुद समाधान ढूंढें। एआई आधारित लर्निंग से पढ़ाई रोचक और आधुनिक बनती है, वहीं वोकेशनल एजुकेशन से बच्चे भविष्य के लिए तैयार होते हैं। यहां हर छात्र को उसकी रुचि के अनुसार मार्गदर्शन मिलता है, जिससे पढ़ाई आसान, मजेदार और उपयोगी बन जाती है।

## एजुकेशनल फील्ड ट्रिपः ऐसे सीखना हर किसी को पसंद है

केंट स्कूल में एजुकेशनल फील्ड ट्रिप पढ़ाई का खास हिस्सा है। बच्चों को समय-समय पर म्यूजियम, नेचर पार्क, ऐतिहासिक स्थान और फैक्ट्री जैसी जगहों पर ले जाया जाता है, ताकि वे किताबों में पढ़ी चीजों को अपनी आंखों से देख और समझ सकें। इससे पढ़ाई रोचक बनती है और याद भी जल्दी रहती है। बच्चे सवाल पूछते हैं, नई चीजें खोजते हैं और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। ऐसी यात्राएं उन्हें असली दुनिया से जोड़ती हैं और उनकी सोच, समझ व क्रिटिकल थिंकिंग को मजबूत बनाती हैं। सीखना यहां सिर्फ क्लासरूम तक सीमित नहीं रहता, बल्कि अनुभव के साथ आगे बढ़ता है।



## कल्चरल एक्टिविटीज से आता है कॉन्फिडेंस

केंट स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों की छिपी प्रतिभा को सामने लाने पर खास ध्यान दिया जाता है। हर हफ्ते अलग-अलग कल्चरल एक्टिविटी कराई जाती हैं, जैसे डांस, म्यूजिक, ड्रामा, आर्ट और स्पीकिंग एक्टिविटी, जिससे बच्चे बिना झिझक अपनी कला दिखा सकें। साल में एक बार होने वाला वार्षिक उत्सव उनके लिए बड़ा मंच बनता है, जहां वे आत्मविश्वास के साथ परफॉर्म करते हैं। इन गतिविधियों से बच्चों का कॉन्फिडेंस बढ़ता है, टीमवर्क सीखते हैं और स्कूल आना उनके लिए और ज्यादा मजेदार व यादगार बन जाता है।




## खेलो बच्चों: फुटबॉल से योगा और कराटे तक





केंट स्कूल में खेलकूद को पढ़ाई जितनी ही प्राथमिकता दी जाती है, क्योंकि स्वस्थ शरीर से ही बेहतर भविष्य की नींव रखना संभव है। विद्यालय का मानना है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि शारीरिक दक्षता और मानसिक संतुलन भी उतना ही आवश्यक हैं। यहां बड़े, हरे-भरे और सुरक्षित मैदान बच्चों की शारीरिक, सामाजिक और मानसिक क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्कूल की इंडोर गतिविधियों में चेस, कैरम, टेबल टेनिस और बैडमिंटन के लिए अलग एवं सुव्यवस्थित स्पेस उपलब्ध है। वहीं आउटडोर में फुटबॉल, क्रिकेट, हैंडबॉल और वॉलीबॉल जैसे टीम गेम्स नियमित रूप से प्रशिक्षकों की देखरेख में कराए जाते हैं। बच्चों की एकाग्रता और मानसिक संतुलन बढ़ाने के लिए योगा क्लासेस आयोजित की जाती हैं। साथ ही आत्मरक्षा और आत्मविश्वास को सुदृढ़ करने हेतु कराटे प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इन सभी गतिविधियों से छात्र फिट, सक्रिय, अनुशासित, नेतृत्व गुणों से युक्त और आत्मविश्वासी व्यक्तित्व विकसित करते हैं।

### सीखने का मजेदार और समझदार तरीका

यहां पढ़ाई ऐसे प्लान की जाती है कि बच्चा सीखते-सीखते नई चीजें खोजने का आनंद ले। मैथ्स, साइंस और ह्यूमैनिटीज के कठिन कॉन्सेप्ट भी आसान तरीके से समझाए जाते हैं। टीचर्स अपनी बनाई वर्कशीट्स और प्रोजेक्ट्स से पढ़ाई को और रोचक बनाते हैं। ट्रिप, गेस्ट स्पीकर्स और फिल्मों के जरिए बच्चों को असली जीवन से जोड़कर सिखाया जाता है, जिससे लर्निंग यादगार और समझदार बनती है।

### एकेडमिक से आगे की सोच

केंट इंटरनेशनल स्कूल सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ खेल, आर्ट, टेक्नोलॉजी और लाइफ स्किल्स पर बराबर ध्यान देता है। हर छात्र की रुचि पहचानकर उसे उसी क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर दिए जाते हैं। वर्कशॉप, एक्टिविटी और प्रैक्टिकल प्रोग्राम्स के जरिए सीखने की प्रक्रिया को अनुभव से जोड़ा जाता है, जिससे आत्मविश्वास, कौशल और व्यक्तित्व का संतुलित विकास होता है।

## सीमित अवधि का विशेष ऑफर
## प्रवेश लेने पर पाएं 50% शानदार छूट का लाभ उठायें

### शुल्क संरचना 2026-27

| कक्षा | कुल शुल्क |
|---|---|
| नर्सरी से पीपी-II | 16,090/- |
| कक्षा 1 से 5 | 20,190/- |
| कक्षा 6 से 8 | 24,901/- |
| कक्षा 9 से 10 | 30,965/- |
| कक्षा 11 से 12 | 45,571/- |

प्रति वर्ष ₹50,000 से ₹1,00,000 तक की बचत का अवसर।

## हमारी मुख्य विशेषताएं

- प्रतिवर्ष 50 हजार से एक लाख रु. तक बचाइए।
- ए. सी. एवं डिजिटल क्लासरूम उपलब्ध।
- 6 एकड़ का प्रदूषण रहित हरा-भरा प्राकृतिक परिसर ।
- 11वीं, 12वीं कला एवं वाणिज्य, विज्ञान संकाय।
- 3 हजार स्क्वायर फीट का ऑडिटोरियम।

## क्यों चुनें! केंट इंटरनेशनल स्कूल

- **एक्सपर्ट टीचर्सः** केंट इंटरनेशनल स्कूल की सभी क्लासेस अच्छे और क्वालिफाइड टीचर्स द्वारा कंडक्ट की जाती हैं।
- **हर स्टूडेंट मायने रखता हैः** केंट इंटरनेशनल स्कूल स्टूडेंट्स के बेहतर भविष्य के लिए बेहतरीन लर्निंग एक्सपीरियंस देता है।
- **स्टूडेंट्स के लिए केयरिंग फीचर्सः** केंट इंटरनेशनल स्कूल स्टूडेंट्स को अच्छी क्वालिटी की टीचिंग देकर एकेडमिक एक्सीलेंस को बढ़ावा दे रहा है।
- **स्किल्स डेवलपमेंटः** बेहतर कम्युनिकेशन के लिए स्टूडेंट्स को अपनी बात कहना, सुनना और अपने विचारों को असरदार तरीके से रखना सिखाया जाता है।

## 100% Result in Board Exams

Rank 1
AYUSH PATLE
CG PET 2025



## OUR SUPER ACHIEVERS FROM 12th Board
### (Science, Commerce, Humanities)


Anikait Sahoo 96.8%


Asim Chandrakar 94.6%


Rishabh Agrawal 94.2%


Parth Singhania 94%


Abhyarthana Mahapatra 93.4%


Maahi Raghatate 93.2%


Manya Saxena 92.4%


Riddhima Tiwari 92%


Anupam Singh 92%


Ayush Patle 91.4%


Monal Jain 91%


Chandani Agrawal 90.2%

## खबर संक्षेप



### नियद नेल्लानार, बीजापुर में स्वास्थ्य क्रांति

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के कायाकल्प के लिए संचालित 'नियद नेल्लानार' योजना अब धरातल पर सार्थक परिणाम दे रही है। जिला बीजापुर के दुर्गम क्षेत्र ग्राम पालनार में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के खुलने से तीन महीने में सैकड़ों ग्रामीणों को उनके घर के समीप ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। आसपास के गांवों में स्वास्थ्य के प्रति आई इस जागरूकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस अल्प अवधि में ही कुल 747 मरीजों ने ओपीडी सेवाओं का लाभ उठाया है। इसके अलावा आवश्यकतानुसार 16 मरीजों को भर्ती कर उनका सफलतापूर्वक उपचार किया गया। पहले जिन ग्रामीणों को छोटी बीमारियों के लिए भी मीलों पैदल चलना पड़ता था, उन्हें अब विशेषज्ञ परामर्श और निःशुल्क दवाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल रही हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस केंद्र में अब तक 5 सुरक्षित प्रसव कराए गए हैं।

### रोड क्रॉस रहे युवक की ट्रक से कुचलकर मौत



रायपुर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के उद्योग भवन के पास पैदल रोड पार कर रहे एक युवक की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। घटना शनिवार रात नौ से दस बजे के करीब की है। पुलिस के अनुसार काशीराम नगर निवासी सत्यदीप कुमार सेन (34) की ट्रक से कुचलकर मौत हुई है। सत्यदीप खाना लेकर उद्योग भवन के सामने रोड पार कर काशीराम नगर तरफ जा रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने सत्यदीप को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## निधन

### सुरेंद्र सिंह गुरुदत्ता

रायपुर। दुबे कॉलोनी मोवा निवासी



सरदार सुरेंद्र सिंह गुरुदत्ता का 4 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 5 अप्रैल को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. सरदार रवेल सिंह गुरुदत्ता के पुत्र थे।

# 1 माह में 35 करोड़ रुपए राजस्व वसूली का टारगेट, बड़े बकायादारों पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के राजस्व विभाग को 1 माह के भीतर 35 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य मिला है, इसे पूरा करने दस जोन के बड़े बकायादारों पर निगम का फोकस रहेगा। इसमें सालों से बकाया कर जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादारों के संबंधित प्रतिष्ठान की सीलबंदी की जाएगी। निगम आयुक्त विश्वदीप ने कहा है कि अगले सप्ताह से जोनवार सीलबंदी की कार्रवाई तेज होगी। इसके लिए सभी जोन कमिश्नरों को 30 अप्रैल तक बकाया राजस्व वसूली अभियान चलाकर टारगेट पूरा करने निर्देशित किया गया है।

■ अगले सप्ताह से तेज होगी सीलबंदी की कार्रवाई

## 30 अप्रैल तक करदाताओं को प्रापर्टी टैक्स जमा करने पर नहीं लगेगी पेनाल्टी

### बड़े बकायादारों में फंसी 150 करोड़ की रकम

सूत्रों के अनुसार शहर के बड़े बकाया करदाता, जिनसे 150 करोड़ की राजस्व वसूली होनी है, उन्होंने समय सीमा बढ़ने के बाद अपने बकाया कर भुगतान को आगे के लिए बढ़ा दिया है। शासन द्वारा उन्हें 30 अप्रैल तक प्रापर्टी टैक्स भुगतान करने की समय सीमा मिल गई है। यही नहीं इस अवधि में बकाया कर जमा करने पर उन्हें किसी तरह की पेनाल्टी भी नहीं लगेगी। ऐसे में बड़े बकायादारों से वसूली करना राजस्व महकमे के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है।

### एसटीपी और फिल्टर प्लांट का बिजली बिल रामकी का 60 करोड़ भुगतान लंबित

रायपुर नगर निगम आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं बन पाने की वजह से



हर बार की तरह बार भी अपने फिल्टर प्लांट और खारुन नदी में मिलने वाले गंदे नाले व नालियों के जल शुद्धिकरण के लिए लगाए गए तीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का बिजली बिल भुगतान नहीं कर पा रहा है। इसके लिए उसे राज्य शासन को पत्र लिखकर विद्युत विभाग के साथ संबंधित राशि के समायोजन की नौबत आ रही है। यही नहीं शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी एजेंसी के सफाई कार्य 60 करोड़ बकाया बिल लंबित है। इसके लिए रामकी द्वारा समय-समय पर पत्र लिखकर निगम प्रशासन से बकाया राशि के भुगतान की मांग की गई है।

### 100 करोड़ की डिमांड करने शासन को लिखेंगे पत्र

रायपुर नगर निगम को राज्य शासन से मुख्य रूप से मुद्रांक शुल्क, चुंगी क्षतिपूर्ति राशि, बार लाइसेंस, उत्पाद कर और मनोरंजन कर के रूप में राशि प्राप्त होनी है। इसके लिए नगर निगम का वित्त विभाग शासन से 100 करोड़ की राशि जारी करने का आग्रह करते हुए पत्र लिखेगा। हालाकि इस बार राजस्व वसूली के रूप में नगर निगम को 350 करोड़ से अधिक की राजस्व वसूली हुई है इसे देखते हुए निगम के कर्मचारियों व अधिकारियों के वेतन, पेंशन के नियमित भुगतान में किसी तरह की दिक्कत नहीं आएगी। ऐसे में नगर निगम का वित्त विभाग इस बार 30 करोड़ के स्पेशल ग्रांड के लिए राज्य शासन से मांग नहीं करेगा।

दरअसल, इस वर्ष नगर निगम के राजस्व विभाग को नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने 475 करोड़ के राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा था। 29 मार्च तक निगम के आला अधिकारियों को पूरा भरोसा था कि कम से कम 400 करोड़ की राजस्व वसूली का आंकड़ा पार कर लेंगे, लेकिन आखिरी क्षणों में शासन के आदेश ने राजस्व वसूली का गणित गड़बड़ा दिया। निगम की राजस्व वसूली 31 मार्च तक 350 करोड़ रुपए पर अटक गई, जो लक्ष्य से 125 करोड़ रुपए कम रहा। अब 30 अप्रैल तक बढ़ी हुई मियाद को देखते हुए निगम आयुक्त ने 35 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य सामने कर बड़े बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

# रायल्टी चोरी करने किया चूना पत्थर का अवैध भंडारण, 5 खदान-क्रेशर में छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के मंदिर हसौद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनसुली में बड़े पैमाने पर चूना पत्थरों का कारोबार अवैध रूप से हो रहा है। इसका खुलासा खनिज विभाग द्वारा चार दिनों के भीतर की गई कार्रवाई से हुआ है। विभागीय टीम ने शनिवार को ग्राम धनसुली में संचालित 5 खदानों में छापा मारकर जांच पड़ताल की। इस दौरान खदानों को संचालित करने वाले पट्टेदार से लेकर कर्मचारी सभी भाग खड़े हुए, क्योंकि इन खदानों में कुछ में तो अवैध रूप से खनन और क्रेशर का काम चल रहा था, वहीं जिन खदानों के लिए अनुबंध हुआ है, वहां भी भारी मात्रा में स्वीकृत क्षमता से अधिक भंडारण तथा अवैध भंडारण मिला है। इन सभी खदानों का संचालन करने वाले लोगों को नोटिस जारी किया है, साथ ही 4 क्रेशर को सील किया है।

■ खनिज विभाग की 4 दिन के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई

खनिज विभाग के जिला अधिकारी राजेश मालवे ने बताया कि कलेक्टर के सख्त निर्देश हैं कि प्रत्येक खदान की जांच की जाए और जहां भी नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, या अवैध रूप से संचालन, खनन, भंडारण एवं परिवहन किया जा रहा है, उसकी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करें।

कलेक्टर के इस निर्देश के तहत शनिवार को सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव के नेतृत्व में खनिज विभाग के टीम को तहसील खरोरा अंतर्गत ग्राम धनसुली एवं मुरा में चूना पत्थर की खदानों की जांच के लिए भेजा गया था। इस जांच में क्षेत्र के तहसीलदार भी थे। जांच के दौरान ग्राम धनसुली में बारी-बारी से श्रीमहालक्ष्मी लाइम स्टोन जितेंद्र अग्रवाल, आशापुरा स्टोन क्वारी बाड़ीलाल पटेल, राजेश भवनानी एवं आशीष अग्रवाल खदान के अलावा ग्राम मुरा स्थित श्रीराम इंटरप्राइजेज प्रकाश आडवाणी के यहां जांच की गई। इस जांच में कहीं अवैध रूप से खनन, क्रेशर का भंडारण मिला, तो कहीं नियमों के विरुद्ध भंडारण के साथ भारी मात्रा में अवैध भंडारण पाया गया। इसके तहत खदान और क्रेशर का संचालन कराने वाले सभी को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही 4 क्रेशर मशीन को सील भी किया है।



### 3 दिन पूर्व 6 खदानों पर हुई कार्रवाई

खनिज विभाग ने इस कार्रवाई से 3 दिन पूर्व धनसुली, नरदहा एवं खपरी में भी आधा दर्जन चूना पत्थर खदानों की जांच की थी।सभी खदानों में नियमों के विरुद्ध खनन, क्रेशर का भंडारण होना पाया। इसके तहत इनमें से 4 खदानों में लगी क्रेशर मशीनों को सील करने की कार्रवाई भी की गई, वहीं अन्य 2 खदानों के पट्टेदारों को नोटिस जारी किया। इन खदानों में अनुबंध से अधिक रकबा में खनन, सूचक बोर्ड नहीं लगाना, रायल्टी सहित अन्य कई नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था।

### करोड़ों रुपए की रायल्टी चोरी

विभाग ने चार दिन में की गई इस कार्रवाई से करोड़ों रुपए की रायल्टी चोरी का खुलासा हुआ है। इन सभी खदानों-क्रेशर में अवैध भंडारण से स्पष्ट हो गया कि इनका संचालन करने वाले लोग रायल्टी बचाने के लिए अवैध रूप से तथा अतिरिक्त रकबा में चूना पत्थर का खनन एवं भंडारण कराकर करोड़ों रुपए की रायल्टी बचाकर शासन को चूना लगा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इन सभी खदानों एवं क्रेशर संचालकों के विरुद्ध प्रकरण बनाकर रायल्टी वसूली की जाएगी। अवैध रूप से खदान-क्रेशर चलाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कॉल सेंटर की आड़ में यूएसए के लोगों के साथ ठगी, पुलिस टीम ने गुजरात में डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

यूएसए में रहने वाले लोगों को फर्जी कॉल सेंटर खोल कर लोन देने के नाम पर ठगी करने वाले ठगी के गुजरात मॉडल की गुत्थी सुलझाने पुलिस की एक टीम पिछले कई दिनों से गुजरात, अहमदाबाद में डेरा जमाए हुए है। रकम ट्रांसफर करने हवाला कनेक्शन दिल्ली से जुड़े होने की वजह से पुलिस की एक टीम दिल्ली गई हुई थी, जो अब लौट आई है। बताया जा रहा है, पुलिस को हवाला नेटवर्क के बारे में काफी कुछ जानकारी मिली है। हवाला रैकेट से जुड़े लोगों को दबोचने पुलिस ने उनके संबंधित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन आरोपी पुलिस गिरफ्त में आने से बच गए।

गौरतलब है कि एक सप्ताह पूर्व पुलिस ने गंज तथा राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में संचालित तीन कॉल सेंटर में छापे की कार्रवाई करते हुए 42 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा यूएसए के लोगों का डेटा हासिल कर उनसे संपर्क करते थे। संपर्क करने के बाद जो लोन के रूप में छोटी राशि लेना चाहते थे, उन्हें उनका सीबील खराब होने का झांसा देकर सीबील सुधारने के नाम पर पैसा लेते थे। इसके बाद लोन सेंक्सन होने का झांसा देकर उनके बैंक डिटेल की जानकारी निकालकर ठगी का शिकार बनाते थे।

***इन दो मास्टर माइंड की पुलिस कर रही तलाश*** : गुजरात, अहमदाबाद निवासी विकास शुक्ला, संजय शर्मा फर्जी कॉल सेंटर संचालित करने वाले दोनों मास्टर माइंड थे। विकास तथा संजय ने रायपुर में जिन तीन स्थानों में कॉल सेंटर संचालित करने जगह किराए पर लेने एग्रीमेंट किया था। एग्रीमेंट में दिए पते के आधार पर पुलिस दोनों के ठिकानों पर दबिश देने पहुंची, तो एड्रेस गलत होने की बात सामने आई है। गुजरात पुलिस की मदद से रायपुर पुलिस दोनों आरोपियों की पतासाजी करने में जुटी है।



एक साल में सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी
कॉल सेंटर से ठगी का नेटवर्क अहमदाबाद से चाइना तक, छह चरणों में यूएसए के लोगों से जालसाजी

### एक साल में यूएसए के लोगों के साथ ठगी के इतने मामले

- महाराष्ट्र मुंबई - नवंबर 2025 मुलुंड में एक फर्जी अंतर्राष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़, अमेरिकी नागरिकों को तुरंत लोन देने का वादा करके ठग रहा था।
- गुजरात, अहमदाबाद- नवंबर 2025 पुलिस ने लोन देने के नाम पर अमेरिकी लोगों को निशाना बनाने वाले एक गिरोह के खिलाफ मामला दर्ज किया जो टेलीग्राम और व्हाट्सएप का उपयोग कर रहा था।
- महाराष्ट्र, छत्रपति संभाजीनगर - अक्टूबर 2025 यहां एक बहुमंजिला कॉल सेंटर पर छापा मारकर 116 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया, जो पे-पल लोन और टैक्स सेटलमेंट के नाम पर ठगी कर रहे थे।
- महाराष्ट्र, पुणे- जुलाई 2025 सीबीआई ने पुणे और मुंबई में संचालित एक बड़े साइबर फ्रॉड रैकेट का खुलासा किया जो खुद को अमेरिकी सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों से पैसे वसूल रहा था।
- तेलंगाना, हैदराबाद मार्च 2025 हाईटेक सिटी में एक फर्जी कॉल सेंटर से 63 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया, जो खुद को पे-पल प्रतिनिधि बताकर ठगी कर रहे थे।

### दोनों के पकड़े जाने पर ठगी के नेटवर्क का खुलेगा राज

कॉल सेंटर की आड़ में ठगी करने के मास्टर माइंड विकास तथा संजय के पकड़े जाने के बाद ही इस बात की जानकारी मिल पाएगी कि दोनों आरोपियों का चीन के जालसाजों के साथ कैसे संपर्क हुआ। हवाला के माध्यम से रकम का ट्रांसफर किस तरह से होकर उन तक पहुंचता था। इसके अलावा पुलिस उन दोनों आरोपियों की गुरजारत पुलिस की मदद से क्रिमिनल रिकार्ड के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## बिजनेस साइट

### राडा ने दृष्टिबाधित छात्रों को भेंट की स्कूल बस, सीएसआर कार्यक्रम आयोजित




रायपुर। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) ने सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत प्रेरणा गुरुकुलम विद्यापीठम, हीरापुर में दृष्टिबाधित छात्रों के लिए स्कूल बस प्रदान कर सराहनीय पहल की।

कार्यक्रम में राडा अध्यक्ष रविंदर भसीन ने विद्यालय अध्यक्ष अनिल कुचेरिया को बस की चाबी सौंपकर इस पहल को साकार किया। कार्यक्रम में राडा के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल सहित अनिल अग्रवाल, शशांक शाह, मनीष राज सिंघानिया, विवेक गर्ग, अभिनव ऋषि, यशवंत अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, गौरव माध्यनिक, चिराग दोशी, बिष्णु अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। राडा लेडीज विंग से तवांप्रीत भसीन एवं मीनू भसीन की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सचिव डॉ. राकेश कामरान सहित अन्य गणमान्य लोगों ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान राडा सदस्य बिष्णु अग्रवाल का जन्मदिन भी बच्चों के साथ मनाया गया, जिससे माहौल भावनात्मक हो गया। छात्रों ने रामायण के गीत प्रस्तुत किए और कंप्यूटर संचालन में अपनी दक्षता दिखाई। राडा पदाधिकारियों ने विद्यालय के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### रायपुर में गाइनेक ऑन्कोलॉजी पर विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम का सफल आयोजन, आधुनिक उपचार पर जोर



रायपुर। मित्तल हॉस्पिटल द्वारा आयोजित 'रायपुर गाइनेक ऑन्कोलॉजी अपडेट' शैक्षणिक कार्यक्रम का शनिवार शाम होटल बैबिलॉन कैपिटल में सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम में देश-प्रदेश के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों ने भाग लेकर स्त्री रोग संबंधी कैंसर के उपचार में नवीन तकनीकों और शोध पर विचार साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सुमन मित्तल के स्वागत भाषण से हुआ। विभिन्न सत्रों में गाइनेक कैंसर सर्जरी की आधुनिक तकनीक, एंडोमेट्रियल कैंसर का मॉलेक्यूलर वर्गीकरण, सर्जरी बनाम रेडिएशन और क्लिनिकल रिसर्च जैसे विषयों पर चर्चा हुई। डॉ. नवीन वर्मा, डॉ. देबा दुलाल और डॉ. राजीव रतन जैन सहित कई विशेषज्ञ पैनलिस्ट रहे। वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सुरेश आडवाणी ने पर्सनलाइज्ड मेडिसिन के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। आयोजकों के अनुसार, ऐसे कार्यक्रमों से चिकित्सकों को नई जानकारी मिलती है, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम का समापन डॉ. स्नेहा बोथरा जैन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# पांच चोरियों का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र में निर्माणधीन मकान सहित सूने मकान तथा एक डीजे संचालक के इस्ट्रूमेंट चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो नाबालिगों सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लाख रुपए कीमत के सामान तथा नकदी जब्त की है। चोरों ने डीडीनगर थाना क्षेत्र में पांच चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। चोरी करने के आरोप में पुलिस ने कबीर ध्रुव, सलीम मरई तथा दो नाबालिगों को पकड़ा है। बदमाश तीन महीने से क्षेत्र में सक्रिय होकर चोरी कर रहे थे।



## पेज 11 के शेष ...

### आधा दर्जन प्रमुख ....

जाएगी। महापौर मीनल चौबे ने इसके लिए निगम बजट में 245 करोड़ का प्रावधान किया है, इस राशि से 6 चयनित प्रमुख मार्गो की स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुधरेगी और शहर सुंदर दिखेगा। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक इसके लिए संबंधित मार्गो का सर्वे कर नगर निगम और बिजली विभाग की संयुक्त टीम कार्य योजना तैयार करेगी।

### आधा दर्जन से अधिक ....

स्मार्ट सिटी लिमिटेड इस कार्य में निर्माण एजेंसी रही, जबकि सारा काम विद्युत विभाग के विशेषज्ञ इंजीनियरों के मार्गदर्शन में पूरा किया गया। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड 6 मार्गो में बिजली तारों को भूमिगत करने का का पूरा कराने के बाद इसके संचालन व संधारण करने सीएसईबी बोर्ड को सौंप दिया

### रायपुर में अवैध ....

ठेकेदार को रायल्टी, खनन एवं लोडिंग चार्ज मिलाकर प्रति फीट रेत लगभग 5 से 6 रुपए पड़ती है। इसमें अगर ट्रांसपोर्टिंग चार्ज जोड़ते हैं, तो भी प्रति फीट अधिकतम 7 रुपए से अधिक नहीं है। इस तरह प्रति हाईवा रेत दोगुनी से अधिक कीमत पर आम लोगों को मिल रही है।

### ढाई दशक पूर्व ....

ऋण राशि के गबन किये जाने के तथ्य सामने आये। इसके बाद शासन ने मध्यप्रदेश लोकायुक्त से मामले की जांच के आदेश दिए। जांच में दोषी पाए जाने पर इन सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 120बी, 406, 409, 420, 467, 468, 471 तथा 13 (1)(सी), 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया। प्रदीप कुमार को कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने सात अप्रैल तक ईओडब्लू तथा एसीबी ने पुलिस रिमांड हासिल की है।

### बाइक चोरी के आरोप में दो आरोपी पकड़ गए

रायपुर। पंडरी पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय दो बाइक चोरों को एक चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। बाइक चोरी करने के आरोप में पुलिस ने संगीत उर्फ अंकित दुबे तथा रवि उर्फ रविचंद्रन पाण्डेय को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों ने 26-27 दरमियानी रात एसएमसी अस्पताल की पार्किंग से बाइक चोरी की थी। दोनों आरोपियों को पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से पहचान कर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की बाइक जब्त की है।

# नया पश्चिमी विक्षोभ लाएगा मौसम में बदलाव, दो दिन बाद राज्य के बड़े हिस्से में बादल-बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ अभी मौसम सामान्य जैसी स्थिति में, सर्वाधिक पारा 40 से कम

सक्रिय होने वाला नया पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर प्रदेश के मौसम में बदलाव लाएगा। दो दिन बाद राज्य के बड़े हिस्से में बादल-बारिश और ओलावृष्टि जैसी स्थिति बन सकती है। बदलते मौसम की वजह से अधिकतम तापमान में गिरावट आने की संभावना बन रही है। राज्य का मौसम अभी सामान्य स्थिति में है और सर्वाधिक तापमान 40 डिग्री से नीचे रिकार्ड किया जा रहा है।

मार्च के महीने में कुछ दिन तपने के बाद मौसम का मिजाज बदल गया था। इसके बाद सक्रिय होने वाली मौसम तंत्रिका की वजह से पारा अपने औसत तापमान वाली स्थिति में पहुंच गया है। अभी दोपहर होने के बाद गर्मी महसूस हो रही है मगर इसका भारी असर नहीं हो रहा है। शनिवार को भी राज्य में गर्मी अपनी सामान्य स्थिति में रही और सर्वाधिक तापमान राजनांदगांव का 39.5 डिग्री दर्ज किया गया। शहर में भी दोपहर की धूप ज्यादा परेशान



करने वाली नहीं रही। पिछले चौबीस घंटे में जगदलपुर सहित अन्य इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी पश्चिमी विक्षोभ मध्य पाकिस्तान के ऊपर मौजूद है। द्रोणिका उत्तर पश्चिम बिहार से मणिपुर, पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश होते हुए मेघालय और दक्षिण पूर्व असम तक मौजूद है।

एक चक्रीय चक्रवाती घेरा छत्तीसगढ़ के ऊपर मौजूद है, जिसके प्रभाव से कल भी एक दो स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत को 7 अप्रैल से प्रभावित करने की संभावना बन रही है। इसके असर से दो दिन राज्य में व्यापक क्षेत्र में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि की संभावना बन रही है। मौसम में होने वाले इस बदलाव की वजह से गर्मी नियंत्रित रहने के आसार हैं।




15
अमेरिका, दुबई और सिंगापुर से जीवनसाथी...

## सिटी लाइव

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के बाद सामुदायिक पॉवर हाउस के रूप में जाने जाएंगे सिद्दी पहलवान



**रायपुर।** प्रतिभा को किसी परिचय की जरूरत नहीं होती', यह कहावत 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026' में सच साबित हुई, जहां कर्नाटक के 'सिद्दी समुदाय' के पहलवानों ने मैट पर अपनी जबरदस्त छाप छोड़ी। उनकी यह सफलता अब सिर्फ पदकों तक ही सीमित नहीं, बल्कि यह पूरे समुदाय के कुश्ती के क्षेत्र में एक ताकत के तौर पर उभरने का प्रतीक है। अफ्रीकी मूल के भारत में लगभग 50,000 सिद्दी लोग रहते हैं, जिनमें से एक-तिहाई कर्नाटक में निवास करते हैं। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026 में कर्नाटक के 9 पहलवानों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 4 सिद्दी समुदाय से थे। इन चार पहलवानों में से तीन ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए, जबकि एक को रजत पदक मिला। स्वर्ण पदक जीतने वाले पहलवानों में मनीषा जुआवा सिद्दी (76 किग्रा), रोहन एम. डोडामणि (ग्रीको रोमन 60 किग्रा) और प्रिंसिता पेदरू फर्नांडिस सिद्दी (68 किग्रा) शामिल हैं जबकि शालिना सेयर सिद्दी (57 किग्रा) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

#### बच्चों को कुश्ती में भेजने लगे

सिद्दी समुदाय के प्रदर्शन से कर्नाटक कुश्ती टीम की कोच ममता बेहद गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। ममता ने कहा, जैसे हमारे देश में कुश्ती में हरियाणा का दबदबा है, ठीक वैसे ही हमारे राज्य में अहलियाल क्षेत्र का कुश्ती में वर्चस्व रहता है। राज्य में डिपार्टमेंट ऑफ यूथ एंड डेवलपमेंट एंड सेंटर मुख्य रूप से इन्हीं सिद्दी समुदाय के लिए है। इनके बच्चे यहीं पर ट्रेनिंग करते हैं। पिछले कुछ समय से इस समुदाय के लोगों के अंदर कुश्ती का क्रेज बढ़ा है और वे अब अपने बच्चों को कुश्ती में भेजने लगे हैं। उत्तरी कर्नाटक के धारवाड़ जिले से आने वाले पुरुष पहलवान रोहन एम. डोडामणि भी इसी समुदाय से आते हैं। डोडामणि की मां सरकारी स्कूल में खाना पकाती हैं, जबकि पिता का छह साल पहले ही देहांत हो चुका था।

## इवेंट लाइव

### छत्तीसगढ़ी भाषा को सम्मान मिलना ही छत्तीसगढ़ का सम्मान



**रायपुर।** अगासदिया द्वारा आयोजित प्रसिद्ध कलाकार कोदूराम वर्मा स्मृति समारोह आमदी नगर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने कहा कि हमारे पुरखों ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में भाषा, संस्कृति लोकमंच के क्षेत्र से बड़ा योगदान दिया है। अगासदिया द्वारा ऐसे पुरोधा सदैव याद किए जाते हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा आठवीं अनुसूची में सम्मिलित हो, यह हमारा सपना और संकल्प है। छत्तीसगढ़ी भाषा को सम्मान मिलना ही छत्तीसगढ़ का सम्मान है। अध्यक्ष डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि ऐसे बहुआयामी आयोजन से जुड़कर हम सब समृद्ध होते हैं। कलाकारों और साहित्यकारों के बीच डॉ. परदेशीराम वर्मा समान रूप से लोकप्रिय हैं। वे संस्कृति क्षेत्र में भी लेखन के माध्यम से महत्वपूर्ण काम करते हैं। विशेष अतिथि डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वाभिमान और पहचान के लिए हम सब मिलकर काम करते हैं। मंच के पुरोधा साहित्यकार और सामाजिक सूत्रधार सबने मिलकर छत्तीसगढ़ को देश का विशिष्ट प्रदेश बनाया है।

#### कलाऋषि के रूप मे किया याद

कलाकार महेश वर्मा ने कोदूराम वर्मा के मंचीय योगदान पर वक्तव्य देते हुए उन्हें कलाऋषि के रूप मे याद किया। अगासदिया के अध्यक्ष डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ के मंचीय पुरोधा और सूत्रधार दुलारसिंह साव मंदराजी, रामचंद्र देशमुख, महासिंह चंद्राकर सहित कोदूराम वर्मा सभी समृद्ध बड़े भूपति थे। इन्होंने लोककला एवं मंच को समृद्ध करने के लिए पैतृक सम्पत्ति को लगाया। परोपकारी ऐसे पुरोधा सामने आए, इसलिए छत्तीसगढ़ी लोकमंच का चमकता हुआ आसमान सबकों आकृष्ट करता है। आयोजन में महासमुंद के साहित्यकार राजेश्वर बंधु खरे, रायपुर के साहित्यकार डॉ. सुखदेवे, भिलाई की पद्मश्री कलाकार उषा बारले, समाजसेवी रामसेवक वर्मा ने अतिथियों को सम्मानित किया। कोदूराम वर्मा के पुत्र प्रेमलाल वर्मा सपरिवार आयोजन में उपस्थित थे।

● भारतीय प्रबंधन संस्थान के 15वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में 552 छात्रों को मिली डिग्री, भारत के विदेश मंत्री हुए शामिल

# प्लेसमेंट और हाथों में डिग्री की खुशी, आईएमएम के15वें दीक्षांत में चमके 552 सितारे, शिवांग, शालिनी और बोबन को गोल्ड मेडल

भारतीय प्रबंधन संस्थान ने शनिवार को अपना 15वां वार्षिक दीक्षांत समारोह मनाया। इस समारोह में विभिन्न कार्यक्रमों के 552 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई, जिनमें प्रमुख एमबीए प्रोग्राम के 314, एग्जीक्यूटिव एमबीए प्रोग्राम के 230 और 8 डॉक्टरेट शोधार्थी शामिल थे। इस अवसर पर भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्नातक होने वाले इस बैच को खुद को भाग्यशाली मानना चाहिए, क्योंकि यह उस पीढ़ी का हिस्सा है, जो 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नियत है।

**रायपुर।** आप एक दशक की ठोस प्रगति और विकास के लाभार्थी हैं। आपको तकनीक और सूचना तक वह पहुंच प्राप्त हुई है, जिसकी कल्पना एक पीढ़ी पहले करना भी असंभव था। यही नहीं, आप वैश्वीकरण के उस युग में बड़े हुए हैं, जिसने आपको शेष विश्व के साथ बहुत गहराई से जोड़ा है। आज भारत अपनी विकास यात्रा में एक लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है और आपका यह समूह उन लोगों में शामिल होगा, जो इस प्रयास का नेतृत्व करेंगे। आपके कौशल हमारे राष्ट्र को समृद्धि की खोज में आगे ले जाने में मदद करेंगे।

#### तेजी से बदलते उपभोक्ता व्यवहार वाले युग में जी रहे

स्नातक होने वाले बैच को अपने प्रारंभिक संबोधन में आईआईएम रायपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष श्री पुनीत डालमिया ने कहा, 2026 के बैच, आप गहरे वैश्विक बदलाव के क्षण में स्नातक हो रहे हैं। हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल व्यवधान, भू-राजनीतिक बदलाव और तेजी से बदलते उपभोक्ता व्यवहार वाले युग में जी रहे हैं। ऐसी दुनिया में ज्ञान महत्वपूर्ण है, लेकिन अनुकूलन क्षमता अनिवार्य है। रणनीति मायने रखती है, लेकिन गति उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। महत्वाकांक्षा आवश्यक है, लेकिन सत्यनिष्ठा पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। जीवन भर सीखने वाले बने रहें, ईमानदारी के साथ नेतृत्व करें और स्वयं से परे प्रभाव पैदा करें। आपका मूल्यांकन आपके पद या वेतन से नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में आपके द्वारा लाए गए बदलाव से किया जाएगा।







#### शिवांग छिकारा, शालिनी दुबे और बोबन चाको को गोल्ड मैडल

दीक्षांत समारोह का समापन शिवांग छिकारा, शालिनी दुबे और बोबन चाको सहित अन्य मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान करने के साथ हुआ। अपने द्वितीय चरण के परिसर विस्तार और 20.93 लाख प्रति वर्ष के औसत पैकेज के साथ एक मजबूत प्लेसमेंट सीजन के साथ, आईआईएम रायपुर प्रबंधन उत्कृष्टता के लिए एक प्रमुख संस्थान और भारत के पेशेवर परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहा है।




#### भारत में स्नातक होने वालों की संभावनाएं पहले से अधिक

अपने संबोधन में डॉ. जयशंकर ने यह भी कहा कि यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि आज भारत में स्नातक होने वालों की संभावनाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक उज्ज्वल हैं। वास्तव में हमारे समाज में एक ऐसा आशावाद है, जो दुनिया के कई अन्य हिस्सों में नहीं दिखता। अब आप पूछ सकते हैं कि ऐसा क्यों है? शायद इसलिए, क्योंकि पिछले दस वर्ष बहुत बेहतर रहे हैं, जिससे यह विश्वास पैदा हुआ है कि अगले दस वर्ष और उसके बाद का समय भी वैसा ही होगा। आखिर हम अब दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। कोई भी इस बात से इंकार नहीं कर सकता कि हाल के कई वैश्विक झटकों ने हमारी लचीलेपन की परीक्षा ली है और भारत उससे मजबूती से बाहर निकला है। हमने घरेलू और बाहरी दोनों चुनौतियों का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया है।



### समर वेकेशन में स्वीमिंग पूल... बच्चों की पहली पसंद







**रायपुर।** गर्मी की छुट्टियां शुरू होते ही इंटरनेशनल स्वीमिंग पूल में बच्चों की भीड़ से रौनक बढ़ने लगी है। गर्मी से राहत पाने शाम के समय बच्चे बड़ी संख्या में पूल पहुंच रहे हैं। तैराकी सीखकर ये बच्चे न केवल अपना आत्मविश्वास बढ़ा रहे हैं, बल्कि खुद को भविष्य के एक बेहतरीन तैराक के रूप में भी तैयार कर रहे हैं। शहर में पारा चढ़ने के साथ ही रोजाना बड़ी संख्या में लोग स्वीमिंग पूल में तैराकी का आनंद लेने, चिलचिलाती धूप से राहत पाने पहुंच रहे हैं।

### मलिका-ए-दिल प्रतियोगिता की विजेता बनीं ममता

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर राइस सिटी की ओर से आयोजित मलिका-ए-दिल कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में छह विशिष्ट जूरी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की विजेता ममता नायक रहीं, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, आकर्षक व्यक्तित्व एवं आत्मविश्वास के बल पर सभी प्रतिभागियों में विशेष पहचान बनाई और यह सम्मान अपने नाम किया। विशेष सम्मान स्वरूप उन्हें जेसीआई रायपुर राइस सिटी की मैगजीन मॉडल के रूप में भी लॉन्च किया गया। उपविजेता के रूप में रोशनी, सूरज सूर्यवंशी एवं आलिया परवीन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह, समर्पण एवं प्रतिभा के साथ प्रतियोगिता में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अंत में जूरी सदस्यों एवं अध्यक्ष शिवानी मित्रा ने सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर सफलता की कामना की। प्रतियोगिता का संचालन पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ किया गया, जिसमें जजों के मूल्यांकन के साथ-साथ जन-सहभागिता जैसे व्यूज, लाइक्स, शेयर एवं रीपोस्ट्स को भी समुचित महत्व दिया गया।



नटरंग-कला एवं संस्कृति महोत्सव में कलाकारों ने दी विभिन्न शास्त्रीय विधाओं में प्रस्तुति

# आंखों में करुणा और हाथों में सटीक मुद्राएं, 'नटरंग' में जीवंत हुई शास्त्रीय कला, भाव-भंगिमाओं ने मोहा मन





**रायपुर।** आंखों में ईश्वर के प्रति करुणा, चेहरे पर विनम्रता और शास्त्रीय नृत्य की सटीक मुद्राओं के साथ जब कलाकारों ने मंच पर अपनी प्रस्तुति दी तो उनके मनमोहक भावों ने वहां मौजूद हर किसी का मन मोह लिया। मौका था राजधानी के रंग मंदिर ऑडिटोरियम में चल रहे नटरंग-कला एवं संस्कृति महोत्सव का। संगीता कला अकादमी द्वारा आयोजित इस नृत्य व कला प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रदेशभर से पहुंचे युवा कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान मंच पर भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, ओडिसी, सत्तरिया, मोहिनीअट्टम और रवीन्द्र संगीत समेत नृत्य की विभिन्न शास्त्रीय विधाओं की छटा बिखरी। कार्यक्रम के दौरान सी. हर्षिनी ने 'शिव शंभू' पर आधारित भरतनाट्यम की बेहद प्रभावशाली प्रस्तुति दी। पारंपरिक शास्त्रीय नृत्य के कड़े नियमों का पालन करते हुए उन्होंने अपने चेहरे के उत्कृष्ट भावों और नृत्य की मुद्राओं से जजों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा बाल कलाकार आराध्या जायसवाल ने भी भरतनाट्यम की अपनी प्रस्तुति के जरिए भक्ति और कला के विभिन्न भावों को नृत्य में बेहद खूबसूरती से पिरोया।

#### कैनवास पर उकेरा 'हमार छत्तीसगढ़'



नृत्य प्रस्तुतियों के साथ-साथ महोत्सव में चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें 52 बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता का विषय हमार छत्तीसगढ़ रखा गया था। प्रतिभागियों ने अपने रंगों और कूची के माध्यम से कैनवास पर छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, प्रकृति और परंपराओं के विभिन्न रूपों की मनमोहक झलक उकेरी। इस प्रतियोगिता में अपनी शानदार पेंटिंग के लिए आकांक्षा चंद्रा ने सबका ध्यान खींचा, जिसके लिए उन्हें 5,000 रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

#### प्रभु जगन्नाथ की स्तुति पर ओडिसी नृत्य ने बांधा समां



शनिवार को महोत्सव के दौरान कथक, भरतनाट्यम और ओडिसी की कुल 67 प्रतियोगिताएं और 8 विशेष फेस्टिवल प्रस्तुतियां हुईं। इसमें छत्तीसगढ़ के साथ-साथ ओडिशा से आए कलाकारों ने भी ओडिसी नृत्य की शानदार छटा बिखेरी। शाम के सत्र में अतिथि कलाकारों द्वारा शास्त्रीय नृत्य की विशेष प्रस्तुतियां दी गईं। इसमें मुख्य आकर्षण ओडिशा से आए प्रख्यात ओडिसी गुरु शुभेंदु कुमार दास रहे। उन्होंने प्रभु जगन्नाथ को समर्पित अत्यंत मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों और कला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

#### आज गूंजेंगे शास्त्रीय गायन और वादन के सुर

आयोजकों ने बताया कि महोत्सव 5 अप्रैल (रविवार) को शास्त्रीय नृत्य के साथ-साथ शास्त्रीय संगीत, गायन और वादन की भी विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिसमें देशभर के कलाकार अपने सुरों और वाद्ययंत्रों का जादू बिखेरेंगे।

**सिटी लाइव**

## 45 प्रतिभाशाली महिलाओं का संस्था ने मंच पर किया सम्मान



**रायपुर।** सरोकार से जुड़ी संस्था कल्प फाउंडेशन द्वारा शांतिनगर स्थित विमतारा भवन में शाम 5 बजे भव्य आयोजन किया गया। इस सृजन महिला सम्मान समारोह के दौरान गरिमामय माहौल में लोग शामिल हुए। इसमें संस्था की सलाहकार एवं लेखिका शीलू लुनिया द्वारा रचित पुस्तक "सृजन" का भव्य विमोचन किया गया। समारोह में अंचल की 45 प्रतिभाशाली महिलाओं को उनके विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया तथा उनकी उपलब्धियों का संक्षिप्त परिचय भी उपस्थित जनसमूह के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि बाल संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष शताब्दी पांडेय, समीक्षक के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार लतिका भावे तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ लेखिका आशा मानव, डॉ. सोनाली चक्रवर्ती एवं डॉ. नम्रता सिंह की उपस्थिति रही।

### संवेदनशीलता एवं सामाजिक जिम्मेदारी का अद्भुत संगम

समारोह की विशेषता यह रही कि सम्मानित महिलाओं ने समाजसेवा की अनूठी मिसाल प्रस्तुत करते हुए मनोहर जीवन कल्याण वृद्ध निवास को 1,00,000 (एक लाख रुपए) का चेक भेंट किया। इससे आयोजन और भी प्रेरणादायी बन गया। महिला सशक्तिकरण, संवेदनशीलता एवं सामाजिक जिम्मेदारी का यह अद्भुत संगम रहा, क्योंकि इसमें हर वर्ग की उपस्थित रही। सभी अतिथियों एवं नारी शक्ति ने भी आयोजन की सराहना करते हुए उपलब्धियों को याद किया। संस्था की संयोजक रानू लुनिया एवं अध्यक्ष मासूम लुनिया ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही इस तरह की परंपरा को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

**समाज इवेंट**

## पद्म विभूषण डॉ. सुरेश आडवाणी का सिंधी समाज ने किया स्वागत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत ने शनिवार को प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश आडवाणी के राजधानी आगमन पर भव्य स्वागत किया। पंचायत के प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज और महासचिव बलराम आहूजा ने बताया कि उन्हें सिंधु गौरव की उपाधि दी गई। सम्मान में मुख्य रूप से वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष जीवत बजाज, कोषाध्यक्ष तनेश आहूजा शामिल हुए। डॉ. सुरेश आडवाणी भारत के अग्रणी कैंसर रोग विशेषज्ञों में से एक हैं, उन्हें 25 वर्षों का अनुभव है। 1974 से मेडिकल ऑन्कोलॉजी, हेमेटोलॉजी के क्षेत्र में कार्यरत हैं। इस बेहतर कार्य के लिए पद्मविभूषण और धन्वंतरी सम्मान से सम्मानित किया गया है। नैदानिक शाखाओं एवं बुनियादी वैज्ञानिकों के साथ घनिष्ठ संबंध रहा है। उक्त जानकारी अमर चंदनानी, जयकिशन बजाज, मनीष पंजवानी, रतन वल्र्यानी ने समाज के लोगों को दी।

### सर्वश्रेष्ठ डॉक्टर से मिलने का अवसर मिला

उन्होंने बताया कि भारत में अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के विशेषज्ञ माने जाने वाले डॉ. आडवाणी हमारे सेवाभावी समाज से हैं, जो हमें गौरव का एहसास कराता है। सेवाभावना से हमेशा मानव कल्याण के लिए काम करने वाले समाज से जुड़े डॉ. आडवाणी ने प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ के रूप में अलग पहचान बनाई। शनिवार को मुंबई से रायपुर आगमन होने से हमें समाज के सर्वश्रेठ और एशिया में कैंसर के सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ से मिलने का अवसर मिला, जिन्हें 2002 में पद्मश्री और 2012 में पद्मविभूषण से भी सम्मानित किया गया। उनके आगमन पर सिंधी पंचायत ने शॉल और मोमेंटो देते हुए सम्मानित किया गया।

**इवेंट लाइव**

## सीनियर सिटीजन फोरम आज मनाएगा अपना स्थापना दिवस

**रायपुर।** सरोकार से जुड़कर सेवा करने वाले सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम के पदाधिकारियों की पहल पर 5 अप्रैल को स्थापना दिवस और साधारण सभा का आयोजन करने जा रहा है। वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में होने वाले इस आयोजन का शुभारंभ सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा और विशिष्ट अतिथि मेडिकल कॉलेज के डॉ. अरविंद नेरल मंचस्थ होंगे। स्थापना दिवस का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन कर किया जाएगा। पहले सत्र में फोरम सचिव द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं कोषाध्यक्ष द्वारा बजट प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें पदाधिकारियों के साथ मेंबर्स की सहभागिता भी रहेगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई है।

### फोरम के मेंबर्स से प्राप्त सुझावों पर होगा मंथन

सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम के अध्यक्ष प्रकाश सुरावधनीवार ने बताया कि प्रमुख पदाधिकारियों का संबोधन खत्म होते ही फोरम के 80+ सदस्यों के साथ उत्कृष्ट सामाजिक काम करने वाली फोरम की महिला मेम्बर्स का सम्मान किया जाएगा। वहीं द्वितीय सत्र में सदस्यों द्वारा विचार रखते हुए सुझाव भी प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद सांस्कृतिक श्रृंखला में महिला मेम्बर्स द्वारा नृत्य, कविता पाठ, फिल्मी गीत-संगीत का लुत्फ उठाने का अवसर मिलेगा। इनके बीच में फोरम के मेंबर्स से प्राप्त सुझावों पर मंथन के बाद विचारों का स्वागत भी किया जाएगा। इसके बाद दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आयोजन का समापन किया जाएगा।

**लभांडी स्थित अग्रसेन धाम में अग्रवाल सभा की पहल पर दो दिवसीय परिचय सम्मेलन एवं अग्र मंथन का विधिवत आगाज**

# अमेरिका, दुबई और सिंगापुर से जीवनसाथी तलाशने आए डॉक्टर-इंजीनियर, ज्वाइंट फैमिली को रिस्पांस

'शहर से दूर लभांडी स्थित अग्रसेन धाम में शनिवार को अग्रवाल सभा की पहल पर इंटरस्टेट से ही नहीं, बल्कि अमेरिका, दुबई और सिंगापुर में रहने वाले अग्रजन बेटे-बेटियों की शादी के लिए जीवनसाथी तलाशने के लिए सात समंदर पार आए। डॉक्टर, इंजीनियर व एमबीए पासआउट और नौकरीपेशा 500 युवाओं ने मंच साझा करने के लिए पंजीयन कराया था। समाज के बीच ओपन मंच से कैसा पति या पत्नी चाहिए, वह उनका और परिवार का ख्याल रखने में सक्षम होने के साथ ही व्यावहार कुशल हों, इसे भी पसंद का हिस्सा बनाया। परिचय सम्मेलन में ज्यादातर युवकों और युवतियों ने ज्वाइंट फैमिली को रिस्पांस देते हुए माता-पिता का सम्मान करने वाले को भावी जीवनसाथी की प्राथमिकता बताई।'





**रायपुर।** अग्रवाल सभा द्वारा 4 एवं 5 अप्रैल को आयोजित परिचय सम्मेलन एवं अग्र मंथन की भव्य शुरुआत अग्रसेन धाम के प्रांगण में विधिवत की गई। इस दौरान प्रचार-प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल ने मंच संचालन करते आयोजन की जरूरत और महत्व से जुड़ी बातों को साझा किया। सुबह 09 बजे से एक बार फिर पंजीयन की शुरुआत की गई। ऐसी स्थिति इसलिए बनी क्योंकि जिन 500 परिवार से जुड़े लोगों ने पंजीयन कराया था, उनके अलावा भी लोग बेटे-बेटियों के लिए अच्छे जीवन संगिनी की तलाश में परिचय सम्मेलन में शामिल हुए। ऐसे माता-पिता की सुविधा के लिए शुरू किए गए पंजीयन काउंटर पर 80 प्रतिभागियों का पंजीयन किया गया। इस तरह कुल 580 युवक-युवतियों को मंच पर पंजीयन करने का अवसर दिया जाना है। श्री अग्रवाल ने मंच संचालन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, विधायक अमर अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक जयसिंह अग्रवाल को मंच पर आमंत्रित किया।



### सफल आयोजन के लिए समाज को दिया धन्यवाद



अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए अग्रसेन महाराज के माल्यार्पण से दो दिवसीय सम्मेलन का आगाज किया। आतिथ्य संबोधन में पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने समाज द्वारा छत्तीसगढ़ में किए गए कार्यों की चर्चा करते हुए सराहा। वहीं अमर अग्रवाल ने समाज के विभिन्न दायित्व की जानकारी देते हुए प्रदेश में दिए गए योगदान की प्रशंसा की। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के लोगों को धन्यवाद दिया। मंच का संचालन करते हुए मनमोहन अग्रवाल ने उद्घाटन सत्र के बाद पूरे प्रदेश एवं दूसरे राज्यों और देशों से आए हुए युवक-युवतियों को परिचय सम्मेलन से जोड़ने का दायित्व योगेश अग्रवाल एवं उनकी टीम को दिया।

### समन्वय समिति के साथ पंडित भी बने सहयोगी

सम्मेलन में 40 से ज्यादा ऐसे युवक-युवती भी हिस्सा बने, जिन्होंने मंच पर परिचय नहीं दिया, लेकिन अपना एक वीडियो भेजकर भावी जीवनसाथी की खूबियों को बताने का प्रयास किया। वहीं युवतियों और युवकों को अलग-अलग एंकर ने सवालों के जरिए समाज से भी कनेक्ट किया। इसे प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रांगण में मौजूद उनके माता-पिता ने देखा। कई माता-पिता ने रिश्ते की बात को आगे बढ़ाने के लिए समाज की समन्वय समिति से बात करने के साथ ही मौके पर मौजूद पंडित से वर-वधू की कुंडली का मिलान कराया। साथ ही भविष्य में रिश्ते के लिए संवाद भी शुरू किया। अमेरिका, दुबई और सिंगापुर से आए 5 प्रतिभागियों के साथ परिजन भी शामिल हुए।

### युवक-युवतियों की अग्र स्मारिका का विमोचन

सबसे खास बात यह रही कि लगभग देशभर से कराए गए पंजीयन की अग्र स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इसमें 500 युवकों और युवतियों का बायोडाटा शामिल किया गया है। सभी कैंडिडेट को एक खुला मंच दिया गया, जिसके माध्यम से अपना पूर्ण परिचय दिया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के सदस्यों ने स्वागत समिति, पंजीयन समिति, हेल्प डेस्क, आवास समिति, मंच व्यवस्था सहित जिम्मेदारी तय की थी। सभी ने सुचारू रूप से व्यवस्था का संचालन किया। इसकी बागडोर प्रमुख रूप से अध्यक्ष विजय अग्रवाल, संरक्षक जगदीश अग्रवाल, हनुमान अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, चतुर्भुज अग्रवाल ने संभालते हुए समाज को मार्गदर्शन दिया।

## मां अम्बे की आस्था में ज्योत, भेंट रसीद कटवाने की 104 साल पुरानी परंपरा कायम

**रायपुर।** वैसे तो शहर में कई ऐसे देवी मंदिर हैं, जहां हर साल चैत्र और क्वार की नवरात्र में लोग मनोकामना ज्योत जलवाने के लिए दान राशि जमा करते हुए पंजीयन करवाते हैं। लेकिन सत्ती बाजार स्थित 104 साल पुराने मां अम्बा देवी से जुड़ी आस्था का अलग ही महत्व है। यहां लोग भेंट रसीद कटवाने के बाद मंदिर में जलने वाले मुख्य ज्योत से ही मनोकामना सिद्धि के लिए प्रज्जवलित ज्योत कुंज से जुड़ने के लिए रसीद भी कटवाते हैं। श्री शाकद्वीपीय ब्रम्हाण समाज ट्रस्ट अम्बे देवी मंदिर सत्ती बाजार के अध्यक्ष जीतेन्द्र शर्मा और पंडित पुरषोत्तम शर्मा ने बताया कि यह इकलौता देवी मंदिर है, जहां नवरात्र में मनोकामना ज्योत जलवाने का प्रावधान नहीं है। इसके चलते श्रद्धालु माता के गर्भगृह में जलने वाले अखंड ज्योत में भेंट राशि जमा करवाते हुए मनोकामना पूर्ति के लिए घी का शुल्क जमा करते हैं।



### सामान्य दिनों में रसीद कटवाने वाले कम

उन्होंने बताया कि नवरात्र के बाद भी लोग मुख्य ज्योत के साथ पुण्य लाभ लेने के लिए भेंट जमा करवाते हैं। लेकिन सामान्य दिनों में रसीद कटवाने वाले की संख्या कम है। इस ज्योत की देखभाल पंडित पुरुषोत्तम शर्मा करते हैं। उन्होंने बताया कि सामान्य दिनों में इस व्यवस्था से श्रद्धालु अक्सर जुड़ते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है, क्योंकि मंदिर में ज्योत जलवाने की व्यवस्था भक्तों को अलग से नहीं दी जाती है।

### श्रद्धा अर्पित करने के लिए कटवाते हैं रसीद

उन्होंने बताया कि दोनो नवरात्र में ही इस तरह की भावपूर्ण प्रक्रिया से परिवार जुड़ते हैं। सामन्य दिनों में भी कुछ एक लोग मनवांछित फल प्राप्ति के लिए भेंट अर्पित करने के लिए रसीद कटवाते हैं। हालांकि इस तरह की इच्छा से जुड़ने वाले कुछ एक लोग ही होते हैं। लेकिन इस परंपरा के बारे में कम लोग ही जानते हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि माता सुख-समृद्धि की दाता है इसलिए दूसरे राज्यों के श्रद्धालुओं की आस्था भी माता से जुड़ी है। इसके चलते लोग मनोकामना की पूर्ति के लिए भेंट रसीद की परंपरा से भी जुड़ते हैं।

## मूक-बधिर शाला के बच्चों को गर्मी से मिलेगी राहत, क्लब ने दिया कूलर




**रायपुर।** रोज बढ़ रही सूरज की तपिश से राहत दिलाने समाज सेवी कई जतन कर रहे है। इसी कड़ी में लीनेस क्लब भिलाई द्वारा प्रयास मूक बधिर शाला में बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए सदस्यों द्वारा मिलकर कूलर प्रदान किया गया। जिसका लाभ लगभग बीस अधिक बच्चों को मिल सकेगा। सदस्यों ने बताया कि गर्मी इस साल बहुत ज्यादा पड़ रही है जबकि अभी इसकी शुरुआत ही है ऐसे में बच्चे जो कि अपने घरों से निकल कर स्कूल जाते हैं या जो हास्टल में रहते हैं उनको इससे काफी राहत मिलेगी। सेवा कार्य के इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष कल्पना श्रीवास्तव, सचिव मनीषा सिन्हा, कोषाध्यक्ष डॉ मंजू तिवारी, तृप्ता कैंबो, नूतन गंधोक, पुष्पा सिंह, माला सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित थी।

**राजधानी के सभी चर्च में सप्ताहभर विधिवत निभाई परंपरा, समाज प्रमुखों की अगवाई में सपरिवार हुए शामिल**

# कैथोलिक समुदाय ने क्रूस यात्रा के बाद की मिस्सा पूजा मसीहीजन रात में पूर्वजों की कब्र पर जलाएंगे कैंडल

**कार्नर न्यूज**



**रायपुर।** कैथोलिक समुदाय से जुड़े लोगों ने पवित्र क्रूस यात्रा की भक्तिपूर्ण शुरुआत शुक्रवार को होलीक्रॉस स्कूल शैलेंद्र नगर परिसर में की। बैरन बाजार तक प्रार्थना करते हुए लोग आगे बढ़े। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए और सभी स्टेशन पर उन्होंने प्रभु यीशु के दुख भोग और बलिदान का मनन किया। सभी श्रद्धालुओं ने मौन, प्रार्थना और भजनों के साथ चलते हुए श्रद्धा का परिचय दिया। कैथेड्रल पहुंचने पर महाधर्माध्यक्ष और सह-अर्पण करने वाले याजकों ने वेदी के सामने श्रद्धापूर्वक दंडवत (प्रणाम) किया, जबकि सभी श्रद्धालु गहन प्रार्थना में लीन रहे। इसके तुरंत बाद ईश्वर के वचन का पाठ किया। इससे उपस्थित लोगों को प्रभु यीशु मसीह के दुःखभोग के रहस्य पर और गहराई से चिंतन करने का अवसर मिला। वहीं सेंट पॉल्स चर्च से जुड़े मसीही समुदाय के लोग शनिवार की मध्यरात्रि के बाद कब्रिस्तान में पूर्वजों की याद में कैंडल जलाएंगे।



### विनम्रता और कृतज्ञता के भाव अर्पित

*सभी ने पवित्र क्रूस के उपासना (वेनरेशन) में भाग लिया। महाधर्माध्यक्ष और याजकों ने सबसे पहले क्रूसित मसीह को चुम्बन किया, धर्मविधि के अंत में श्रद्धालु एक-एक कर विनम्रता और कृतज्ञता का भाव अर्पित किया। मसीह के प्रेम को स्मरण किया जो उनके दुख और मृत्यु में प्रकट हुआ। इस गंभीर धार्मिक अनुष्ठान के साथ सह-अर्पण करने वाले याजक थे। कैथोलिक श्रद्धालुओं ने सक्रिय रूप से भाग लिय। वे केवल दर्शक नहीं, बल्कि सच्चे विश्वास-यात्री के रूप में प्रार्थना, भजनों और गहन मनन के माध्यम से इस धर्मविधि में सहभागी बने।*

### इन कब्रिस्तानों में लोग जलाएंगे कैंडर


*संपूर्ण धर्मविधि के दौरान गहन प्रार्थनामय वातावरण बना रहा। यह सम्पूर्ण आयोजन एकता, विश्वास और आध्यात्मिक नवजीवन का सशक्त साक्ष्य बना, जिसने इसमें भाग लेने वाले सभी लोगों के हृदयों पर गहरा और अनुग्रहपूर्ण प्रभाव छोड़ा। अब समुदाय के लोगों द्वारा कब्रिस्तान में कैंडर जलाते हुए प्रार्थना करने के लिए अरविंद नगर और पुलिस लाइन स्थित कब्रिस्तान में परिवार के साथ शामिल होंगे।*

# कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को भाजपा मंत्रियों-विधायकों के साथ मंच साझा करना प्रतिबंधित

## रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा- पार्टी अनुशासन को बनाए रखने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने पार्टी अनुशासन को बनाए रखने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, सरपंच, जनपद सदस्य सहित सभी चुने हुए जनप्रतिनिधियों को छोड़कर, रायपुर जिले के समस्त अन्य कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया है कि अब से किसी भी हालत में जिले के भाजपा विधायकों, मंत्रियों या अन्य प्रमुख भाजपा नेताओं के साथ सार्वजनिक मंच साझा करना या उनके द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम समारोह में भाग लेना पूर्णतः वर्जित रहेगा। श्री बंजारे ने कहा, चुने हुए जनप्रतिनिधि केवल सरकारी कार्यक्रमों में ही औपचारिक रूप से भाजपा मंत्रियों-विधायकों के साथ मंच साझा कर सकते हैं। सरकारी कार्यक्रमों के अलावा किसी भी गैर-सरकारी कार्यक्रम, समारोह, सार्वजनिक मंच या भाजपा द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम में भाग लेना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आएगा और ऐसे में उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, चुने हुए जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सरकारी कार्यक्रमों में भी जहां भाजपा के विधायक या मंत्री कांग्रेस पार्टी के खिलाफ आदतन गलत बयानबाजी करते हैं, कांग्रेस को कोसते हैं या पार्टी की छवि खराब करने वाले बयान देते हैं, ऐसे कार्यक्रमों में जाने से पूर्णतः परहेज करें। ऐसी स्थिति में औपचारिकता का बहाना बनाकर भी मंच साझा करने या उपस्थित रहने से बचना चाहिए।




### होगी कड़ी कार्रवाई

उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी अनुशासन की मिसाल है। चुने हुए जनप्रतिनिधियों को छोड़कर यदि कोई भी नेता, पदाधिकारी या कार्यकर्ता इस सख्त निर्देश की अवहेलना करता है, तो उससे तुरंत लिखित स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें निलंबन या पार्टी से बाहर करने तक की कार्रवाई शामिल हो सकती है।

### सख्ती से करें पालन

चुने हुए जनप्रतिनिधि भी यदि सरकारी कार्यक्रमों के अलावा किसी अन्य कार्यक्रम में भाजपा नेताओं के साथ मंच साझा करते हैं या कांग्रेस विरोधी बयानबाजी वाले माहौल में भाग लेते हैं, तो वे भी अनुशासनहीनता की श्रेणी में आएंगे और उनके विरुद्ध समान कार्रवाई की जाएगी। पार्टी अब किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने सभी कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह की कि वे इस निर्देश का सख्ती से पालन करें। पार्टी की एकता, विचारधारा और साख बनाए रखना हर कांग्रेसजन का सर्वोच्च दायित्व है। कोई भी अनुशासन भंग करने वाला कार्यकर्ता या नेता पार्टी की नजरों में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### राजस्व मंत्री से मिला आरआई एसोसिएशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ की नवीन प्रांतीय कार्यकारिणी ने प्रांताध्यक्ष प्रशांत दुबे के नेतृत्व में राजस्व मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान संघ की समस्यों और मांगों पर सार्थक चर्चा की गई। इसमें मुख्य रूप से डीपीसी उपरांत 42 लोगों की पदोन्नति सूची जारी करने के बाद शेष बचे 14 लोगों का पूरक पदोन्नति सूची जारी करने के लिए निवेदन किया गया, जिस पर मंत्री सहमति दी। वर्तमान बजट में संसाधन भत्ता के लिए प्रावधानित 1.25 करोड़ की राशि को राजस्व निरीक्षकों को दिये जाने पर भी चर्चा की गई। इस दौरान राजस्व निरीक्षक संघ के प्रांतीय महासचिव विजय कुमार शर्मा, उपकोषाध्यक्ष राजकुमार साहू, कार्यकारणी के अन्य सदस्य पवन कश्यप,महेश साहू,शेख समीर, गोपाल प्रधान, जिला दुर्ग से जिला पदाधिकारी कैलाश साहू, राकेश वर्मा, सत्येंद्र कन्नौजे उपस्थित रहे।

### टीबी मुक्त भारत अभियान जिला स्तरीय बैठक हुई

**रायपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी की उपस्थिति में हुई। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनूप वर्मा, निजी अस्पताल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला, आईएमए के पूर्व रायपुर अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता, फोगसी की अध्यक्ष डॉ. मोनिका पाठक,सहित जिले के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। टीबी नोडल अधिकारी डॉ. अविनाश चतुर्वेदी ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के द्वितीय चरण में आयुष्मान आरोग्य शिविरों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता एवं स्क्रीनिंग अभियान संचालित किया जाएगा। साथ ही निजी अस्पतालों से संभावित टीबी मरीजों की जानकारी साझा करने, एक्स-रे जांच कराने एवं "निक्षय मित्र" के रूप में सहभागिता करने की अपील की गई। जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं को समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

टीएमसी सरकार के अन्याय का जवाब देने पश्चिम बंगाल की जनता पूरी तरह तैयार

# सीएम साय बोले- बंगाल में परिवर्तन की लहर, बनेगी भाजपा की सरकार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बंगाल में शनिवार को भाजपा नेताओं के नामांकन में शामिल हुए। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में परिवर्तन की लहर है। भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा, जनता का अभूतपूर्व समर्थन यह संकेत दे रहा है कि इस बार पश्चिम बंगाल में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनने जा रही है और टीएमसी का सफाया निश्चित है।

श्री साय ने ममता बनर्जी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, पिछले 15 वर्षों में पश्चिम बंगाल की जनता को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रखा गया है। उन्होंने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल योजना और किसान सम्मान निधि जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ गरीबों और किसानों तक नहीं पहुंच पाया। राज्य में रोजगार के अवसरों की भारी कमी है और महिलाओं से किए गए आर्थिक सहायता के वादे भी पूरे नहीं किए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बहन-बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है और युवाओं के सामने रोजगार का संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे ऐसी सरकार को दोबारा सत्ता में आने से रोकें और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को समर्थन देकर पश्चिम बंगाल में सुशासन और विकास की नई दिशा सुनिश्चित करें।

### जनसभा को भी किया संबोधित

*मुख्यमंत्री श्री साय ने आज पश्चिम बंगाल प्रवास के दौरान नयाग्राम, गोपीबल्लवपुर, झारग्राम एवं बिनपुर विधानसभा क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रमों में हिस्सा लिया तथा जनसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन की अपील की। मुख्यमंत्री श्री साय ने झारग्राम की भूमि को वीर सपूतों और विद्वानों की धरती बताते हुए यहां के भाजपा कार्यकर्ताओं को नमन किया। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी केवल देश ही नहीं, बल्कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी अपने परिश्रम के बल पर सर्वोच्च पदों तक पहुच सकता है। उन्होंने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए कहा, एक किसान परिवार से आने के बावजूद पार्टी ने उन्हें सांसद, विधायक, प्रदेश अध्यक्ष और आज मुख्यमंत्री जैसे दायित्व सौंपे - जो भाजपा की आंतरिक लोकतांत्रिक परंपरा को दर्शाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी स्वयं एक साधारण परिवार से आए हैं और पिछले वर्षों में उन्होंने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र के साथ देश के हर वर्ग के लिए काम किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया है कि भाजपा सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर राज्य में सरकारी कर्मचारियों के लिए 7वां वेतनमान लागू किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर जनसंपर्क करने और भाजपा के पक्ष में मतदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया।*

# माओवाद के अंत के साथ बस्तर में विकास को मिलेगी नई दिशा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

वन मंत्री केदार कश्यप ने कोंडागांव के सुदूर अंचल स्थित ग्राम केजंग में क्षेत्रवासियों को लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपए के 11 विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों में सड़क, भवन एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

उन्होंने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं सड़कों, पुलों, जल संरक्षण के कार्य और सामुदायिक भवनों का निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण अंचल में आवागमन को आसान बनाना, कृषि को मजबूती देना और ग्रामीण जीवनस्तर में सुधार लाना है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार आम नागरिकों के हित में क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, यह क्षेत्र पूर्व में माओवाद से प्रभावित रहा है, किन्तु पूरा छत्तीसगढ़ माओवाद के प्रभाव से मुक्त हो गया है और अब बस्तर संभाग भयमुक्त होकर विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ेगा और अधिक समृद्ध होगा। उन्होंने कहा, इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार मिलेगा।

- कांग्रेस अपराध एवं अपराधियों को संरक्षण देने वाली पार्टी बन गई है

### नियद नेल्लानार, बीजापुर में स्वास्थ्य क्रांति

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के कायाकल्प के लिए संचालित 'नियद नेल्लानार' योजना अब धरातल पर सार्थक परिणाम दे रही है। जिला बीजापुर के दुर्गम क्षेत्र ग्राम पालनार में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के खुलने से तीन महीने में सैकड़ों ग्रामीणों को उनके घर के समीप ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। आसपास के गांवों में स्वास्थ्य के प्रति आई इस जागरूकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस अल्प अवधि में ही कुल 747 मरीजों ने ओपीडी सेवाओं का लाभ उठाया है।

# राशन दुकानों में नहीं पहुंचा चावल, सरकार 3 माह का चावल देने का प्रोपोगंडा कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- नहीं हो रहा पीडीएस का भौतिक सत्यापन, उपभोक्ता दुकानें भाजपा के नेताओं के लिए चारागाह बनीं- कांग्रेस

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 7 अप्रैल से राशन दुकानों से एकमुश्त तीन माह का चावल दिये जाने पर सवाल खड़ा करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, पिछले पांच महीने से सरकार राशन दुकानों को नियमित राशन तो पहुंचा नहीं पायी है। हकीकत यह है कि अभी तक दुकानों में मात्र 30 प्रतिशत चावल ही उपलब्ध है। भारतीय जनता पार्टी सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है तब से पीडीएस के स्टॉक का भौतिक सत्यापन ही नहीं हो रहा है। सहकारी सोसाइटी और उपभोक्ता दुकानें भाजपा के नेताओं के लिए चारागाह बना दिया गया है। गरीबों के राशन में घोटाला कर चावल दूसरे राज्यों में बेचा जा रहा है।

उन्होंने कहा, यह सरकार का जनविरोधी कदम है, सरकार नहीं चाहती कि सभी को राशन देना पड़े, इसलिए केवाईसी का बहाना कर राशन वितरण रोक दिया गया है। 32 लाख उपभोक्ताओं के राशन कार्ड केवाईसी के नाम पर काट दिया गया। उन्होंने कहा, कांग्रेस की सरकार के दौरान पीडीएस की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पूरे देश में चर्चित थी, 81 लाख परिवार का राशन कार्ड बनाया गया स्थानीय निकाय ग्राम पंचायत, नगर पंचायत और नगर निगमों में सामान्य सभा में सूची प्रकाशित करके दावा आपत्ति मंगाने के बाद अनुमोदन के आधार पर राशन कार्ड जारी किए गए।

# बृजमोहन की फ्लाईओवर के स्थान पर तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण की सीएम से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर





रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण के स्थान पर सड़क चौड़ीकरण की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है।

श्री अग्रवाल ने अपने पत्र में लिखा है कि यह मार्ग शहर के मध्य स्थित अत्यंत महत्वपूर्ण एवं व्यस्ततम क्षेत्र है, जहां घनी आबादी और व्यावसायिक गतिविधियों के कारण यातायात का अत्यधिक दबाव बना रहता है। उन्होंने कहा, पूर्व में मुख्यमंत्री स्वयं इस मार्ग के चौड़ीकरण के पक्ष में निर्णय ले चुके हैं, लेकिन वर्तमान बजट में फ्लाईओवर निर्माण की घोषणा से आमजन में असंतोष व्याप्त है। श्री अग्रवाल ने बताया, मात्र 600-700 मीटर का यह हिस्सा ही जीई रोड का ऐसा भाग है, जो अब तक चौड़ीकरण से वंचित है और वर्तमान में "बॉटलनेक" बनकर पूरे शहर के यातायात को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि संकीर्ण और घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में फ्लाईओवर निर्माण न केवल अप्रभावी सिद्ध होगा, बल्कि स्थानीय व्यापार एवं संरचना पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। श्री अग्रवाल ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि सड़क चौड़ीकरण की मांग वर्षों से की जा रही है और इसे नगरीय निकाय चुनाव 2025 के "अटल विश्वास पत्र" में भी शामिल किया गया था। इसके बावजूद अब तक इस दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई, जो चिंता का विषय है।

# मार्कण्डेय बोले- कांग्रेस पदाधिकारियों ने शासकीय जमीन पर किया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने कहा, कांग्रेस पार्टी अपराध को बढ़ावा देने वाली एवं अपराधियों को संरक्षण देने वाली पार्टी बन गई है। कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा आरंग विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोढ़ी की शासकीय जमीन की अवैध रूप से कांग्रेस के ही पदाधिकारियों के नाम से खरीदी-बिक्री की गई है।

डॉ. मार्कण्डेय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, इस अवैध खरीदी बिक्री में तत्कालीन पंचायत सचिव, सरपंच, उपसरपंच की मिलीभगत है। कांग्रेस पदाधिकारी द्वारा की गई अवैध खरीदी-बिक्री को लेकर मंदिरहसौद थाना क्षेत्र में इसकी शिकायत भी की गई है और प्रशासनिक स्तर पर इसकी जांच भी हो रही है। डॉ. मार्कण्डेय ने बताया, ग्राम गोढ़ी में पूर्व सरपंच गोपाल धीवर वर्तमान में कांग्रेस सेक्टर प्रभारी आरंग है एवं उनकी पत्नी वर्तमान में जनपद सदस्य है। इनके द्वारा गांव के गैर निवासी के नाम पर शासकीय भूमि दर्ज की गई है। प्रगति मिश्रा के नाम लगभग 4 एकड़ शासकीय भूमि बिना कब्जा के अवैधानिक रूप से पंचायत में प्रस्ताव पारित कर दे दी गई है। इस शासकीय भूमि पर अवैधानिक रूप से कब्जा किया गया है। मंदिर हसौद नगर पालिका में वार्ड क्र.-12 से कांग्रेस पार्षद अनुज मिश्रा हैं, जिसे गलत तरीके से 20 वर्ष से काबिज दिखाकर जमीन आबंटन की गई है, वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग मे महामंत्री के पद पर काबिज प्रवीण सिंह ने भी अवैध तरीके से शासकीय भूमि पर कब्जा किया है। डॉ. मार्कण्डेय ने कहा, शासकीय भूमि का गलत तरीके से पट्टा बनाकर उसकी खरीदी-बिक्री की गई है। जो लोग इस घटना में संदिग्ध हैं, अभी फरार हैं। कांग्रेस ने अभी तक अपने पदाधिकारियों के ऊपर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की है। एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी होने के नाते उनके ऊपर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए लेकिन कांग्रेस तो अपराध को बढ़ावा देकर अपराधियों को संरक्षण देने का काम करती रही है। डॉ. मार्कण्डेय ने कहा, कांग्रेस पार्टी अपराधियों का प्रोडक्शन हाउस बन गई है।

राजस्व विभाग की लापरवाही से पंजीकृत किसानों की गिरदावरी की एंट्री नहीं

# पंजीयन के पहले ही गिरदावरी पोर्टल लॉक पीएम आशा योजना के लाभ से किसान वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के रबी दलहन-तिलहन उत्पादक किसानों को निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा बनाये गये पीएम आशा योजना का लाभ लेने से अनेकों किसान वंचित हो गये हैं। बताया गया है कि किसान पंजीयन पोर्टल के पहले ही गिरदावरी पोर्टल को लाक करने के कारण ऐसा हुआ है।

किसान पंजीयन के लिए शासन ने अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की थी, लेकिन इसके पहले ही गिरदावरी पोर्टल विभागीय तालमेल न होने की वजह से बीते 26 मार्च से बंद हो गया है, जिसके चलते क्राप सर्वे की एंट्री नहीं हो पा रही। ज्ञातव्य हो कि केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने और संकटग्रस्त बिक्री को रोकने के उद्देश्य से विभिन्न दलहन-तिलहन फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान बनाया है। प्रदेश के कृषि विभाग ने पहले एकीकृत किसान पोर्टल में ऐसे किसानों के पंजीयन के लिए 1 दिसंबर से 28 फरवरी की तिथि व क्राप सर्वे रिपोर्ट एंट्री करने गिरदावरी पोर्टल 25 मार्च तक खुला रखने का निर्णय लिया था।

### गिरदावरी की एंट्री 25 मार्च को बंद

कृषि संचालक व विभिन्न जिलाधीशों द्वारा डिजिटल क्राप सर्वे का डाटा तकनीकी त्रुटि के कारण अपडेट नहीं हो पाने के फलस्वरूप संबंधित पोर्टल पर कृषक पंजीयन का रकबा, खसरा का प्रविष्टि नहीं होने की जानकारी देते हुये पंजीयन की अवधि बढ़ाने की मांग पर किसान पंजीयन की तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी गयी। राजस्व विभाग द्वारा किये जाने वाले क्राप सर्वे (गिरदावरी) का एंट्री का निर्धारित तिथि विभागीय लापरवाही के चलते 25 मार्च ही रह गया।

### किसान संघर्ष समिति ने 15 अप्रैल तक खोलने की मांग की

इसकी वजह से 26 से 31 मार्च तक पंजीयन कराने वाले किसानों का डिजिटल क्राप सर्वे का डाटा एंट्री नही हो पाने की जानकारी देते हुये किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, प्रमुख सचिव विकासशील व मुख्यमंत्री सचिवालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह को मेल से ज्ञापन भेज गिरदावरी पोर्टल आगामी 15 अप्रैल तक रबी उत्पादक किसानों के व्यापक हित में पुनः खुलवाने की मांग की है।

खनिज परिवहन की निगरानी करने वीटीएस, आई-चेक गेट्स तथा ड्रोन आधारित प्रणाली

# गौण खनिजों की खनन प्रणाली को डिजिटल और एकीकृत बनाने का प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खनिज क्षेत्र में पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार और सुदृढ़ प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। आगामी वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार का विशेष ध्यान गौण खनिजों को भी 'खनिज 2.0' प्लेटफॉर्म से जोड़ने पर रहेगा, जिससे संपूर्ण खनन प्रणाली को डिजिटल और एकीकृत बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त, खनिज परिवहन की निगरानी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए वीटीएस, आई-चेक गेट्स तथा ड्रोन आधारित निगरानी प्रणाली को और व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा। खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद ने बताया कि छत्तीसगढ़ ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में 16,625 करोड़ का खनिज राजस्व अर्जित कर लक्ष्य का 98 प्रतिशत प्राप्त किया है, जो सुशासन, प्रभावी नीति क्रियान्वयन और मजबूत निगरानी व्यवस्था का प्रत्यक्ष परिणाम है। यह उपलब्धि न केवल प्रभावी प्रशासनिक रणनीति का परिणाम है, बल्कि राज्य की खनिज आधारित अर्थव्यवस्था की मजबूती को भी दर्शाती है। इस वर्ष खनिज राजस्व में 14 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की गई है, जो पिछले पांच वर्षों की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6 प्रतिशत से दोगुनी से अधिक है। यह वृद्धि राज्य शासन द्वारा अपनाए गए सुधारात्मक और तकनीकी उपायों की सफलता को रेखांकित करती है।

### आईटी आधारित प्लेटफार्म से सुधार

खनिज राजस्व में इस वृद्धि के प्रमुख कारकों में एनएमडीसी तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के लिए डिस्पैच रूट्स का प्रभावी अनुकूलन शामिल है। इसके साथ ही, 'खनिज 2.0' जैसे आईटी-आधारित प्लेटफॉर्म के माध्यम से पारदर्शिता, निगरानी और संचालन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### खनन प्रणाली को बनाएंगे डिजिटल और एकीकृत

आगामी वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार का विशेष ध्यान गौण खनिजों को भी 'खनिज 2.0' प्लेटफॉर्म से जोड़ने पर रहेगा, जिससे संपूर्ण खनन प्रणाली को डिजिटल और एकीकृत बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त, खनिज परिवहन की निगरानी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए वीटीएस, आई-चेक गेट्स तथा ड्रोन आधारित निगरानी प्रणाली को और व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### हनुमान जयंती पर निकाली शोभायात्रा, किया भंडारा

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सरोरा में हनुमान जन्म उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बजरंग सेवा समिति के द्वारा पुरानीबस्ती बजरंग चौक में कलश स्थापना के साथ विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो दोनों बस्ती से होकर मां शीतला माता मंदिर प्रांगण में समापन हुआ। रैली के दौरान गांव के सभी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना पं शेखर शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजू शर्मा पूर्व जिला पंचायत सभापति व किसान नेता के साथ ज़िला पंचायत सभापति शैल महेंद्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि विश्राम साहू, बसंत ठाकुर,शेखर शर्मा, कुंजलाल अग्रवाल, जगन्नाथ यदु, रवि ध्रुव, शत्रुहन यदु,अध्यक्ष कमलेश शर्मा, सूर्यप्रकाश वर्मा,लक्ष्मीकांत शर्मा, प्रवीण यदु, तरुण साहू, दुर्गेश यदु, सौम्य यदु, मयंक ठाकुर, हेमंत ठाकुर, अंकित शर्मा, गोपाल देवांगन, घनश्याम यदु, अविनाश यदु, ओमकार वर्मा, संदीप ठाकुर, उत्तम साहू, नवीन साहू, विजय पाठक, सूरज सेन, उपेन्द्र साहू, फ्रेंड्स क्लब सरोरा के संरक्षक शरद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### मानस सम्मेलन में 24 मंडलियों ने दी प्रस्तुति



**आरंग।** ग्राम पंधी में जय बजरंग मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय संगीतमय श्री रामचरितमानस गान व्याख्यान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कांकेर, बालोद, राजनांदगांव, धमतरी, कवर्धा, बेमेतरा, बलौदाबाजार, महासमुंद, रायपुर, गरियाबंद इन जिलों की ख्याति प्राप्त 24 मानस मंडलियों ने संगीतयुक्त विविध भजनों तथा व्याख्यानों से श्रोताओं को भाव-विभोर किया। व्याख्याकारों द्वारा बालकांड, अयोध्याकांड, सुंदरकांड, लंकाकांड के विभिन्न प्रसंगों पर दृष्टांतों के माध्यम से सरल व सारगर्भित वक्तव्य शैली ने श्रोताओं को आनंदित कर दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में बजरंग मानस मंडली के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों में देखराम साहू, टोकेश साहू, ओसन जलक्षेत्री, रामाधार यादव, तीरथ साहू, नीलकुमार साहू एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा प्रत्येक मंडली को 2250 सद्भाव राशि, राम टोकरी, राम नाम गमछा, श्रीफल सहित सप्रेम भेंट किया गया। ग्राम पंधी के मानस मंच संयोजन में हीरालाल साहू, अशोक साहू, टोकेश साहू का योगदान रहा।

### स्काउट्स-गाइड्स ने की सेवाराहगीरों को पिलाया शरबत

**आरंग।** भीषण गर्मी के बीच मानवता और सेवा भावना का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर के तत्वावधान में आरंग के कृष्णा पब्लिक स्कूल के स्काउट्स एवं गाइड्स ने राहगीरों को शीतल शरबत पिलाया। यह सेवा कार्य प्याऊ घर में आयोजित किया गया, जहां बच्चों ने उत्साहपूर्वक राह चलते लोगों की प्यास बुझाई। कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष श्री जी. स्वामी एवं जिला शिक्षा अधिकारी व जिला आयुक्त हिमांशु भारतीय के निर्देशानुसार तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।

### निधन

### दुलौरिन बाई मांडले

**चंदखुरी।** ग्राम पिरदा (कोरासी) निवासी दुलौरिन बाई मांडले (83) का 3 अप्रैल को निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार का कार्यक्रम 4 अप्रैल शनिवार को गृह ग्राम पिरदा के मुक्तिधाम में किया गया। वे पुनीत राम मांडले की माता एवं गजरा बाई मांडले की सास थी।

# शिवांश इंटरनेशनल के सीनियर विदाई कार्यक्रम में गीत, संगीत व नृत्य का संगम

## स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

नगर पंचायत कुंरा स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान शिवांश इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में बीते दिन कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का कोना-कोना यादों के झरोखों और भविष्य की आशाओं से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण विद्यालय की प्राचार्या सुश्री हिमांशी शर्मा का ओजस्वी और भावपूर्ण उद्बोधन रहा, जिसने न केवल छात्रों का मार्गदर्शन किया, बल्कि विदाई की इस बेला में उपस्थित जनसमूह की आंखें भी नम कर दीं।

समारोह की शुरुआत में शिवांश ग्रुप ऑफ स्कूल की सेक्रेटरी श्रीमती पदमिनी शर्मा का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की संरचना कक्षा 11वीं के छात्रों द्वारा प्राचार्या के मार्गदर्शन में बेहद व्यवस्थित रूप से की गई थी। कनिष्ठ छात्रों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में गीत, संगीत, नृत्य और कविताओं की झड़ी लगा दी। हंसी-ठिठोली के बीच आयोजित हुए मनोरंजक खेलों ने माहौल को जीवंत बनाए रखा। इस दौरान सेक्रेटरी श्रीमती पदमिनी शर्मा ने छात्रों को संस्कारों की महत्ता बताते हुए कहा कि जीवन की असली परीक्षा किताबी ज्ञान से नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में आपके चरित्र और सच्चाई पर अडिग रहने से तय होती है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे समाज में जहां भी जाएं, अपने माता-पिता और गुरुजनों के सम्मान को सर्वोपरि रखें।




### विद्यार्थियों को आसमान में उड़ने का हौसला मिला

समारोह के सबसे भावुक क्षण तब आए जब विद्यालय की प्राचार्या सुश्री हिमांशी शर्मा ने छात्रों को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को पंख फैलाकर ऊंचे आसमान में उड़ने का हौसला देते हुए कहा कि विद्यालय से विदा होना केवल एक भौतिक दूरी है, गुरु और शिष्य का मानसिक जुड़ाव सदैव बना रहता है। उन्होंने बड़े ही स्नेहपूर्ण स्वर में कहा, /"आज आप इस दहलीज को पार कर दुनिया के विशाल मंच पर कदम रख रहे हैं। रास्ते कठिन हो सकते हैं, लेकिन आपकी मेहनत और यहां से प्राप्त संस्कार आपकी ढाल बनेंगे। अनुशासन को अपना सारथी बनाना और कभी भी अपने भीतर के जिज्ञासु छात्र को मरने मत देना।/" प्राचार्या ने जब छात्रों के साथ बिताए पुराने संस्मरणों को साझा किया, तो उनकी आवाज भर आई और वे अपने आंसू रोक न सकीं।

## संभव स्टील ने सीएसआर मद से शाला में रंगमंच, रोड क्रांक्रीटीकरण और कमरा निर्माण कराया

# बिनैका के नि:शुल्क चिकित्सा और नेत्र शिविर से सैकड़ों लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा






छत्तीसगढ़ के तिल्दा बिनैका गांव में संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, के सौजन्य से समता फाउंडेसन और ऍम जी एम हॉस्पिटल रायपुर,उपाध्याय हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम के सहयोग से आयोजित निःशुल्क चिकित्साएवं नेत्र शिविर में ग्रामीणों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।,शिविर में सैकड़ो ग्रामीणों ने निशुल्क नेत्र जाँच ,खून जाँच ,बी पी ,शुगर ,,जनरल चेकअप कराया है । इस शिविर में डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाएं व चश्मे वितरित किए । शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शिविर में आए जरुरतमंद मरीजों को आगे के उपचार के लिए पंजीकृत किया गया।

शिविर में 3 लोगो मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया एवं उन्हें ऑपरेशन के लिए रायपुर ले जाया गया । सभी का निशुल्क आपरेशन संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड,के सहयोग से ऍम जी एम हॉस्पिटल रायपुर में किया जाएगा।आपरेशन कराने वालो के लिए आने जाने रहने की व्यस्था की गई है । इस मौके पर संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, की सी एस आर हेड शीतल गोयल ने बतया की संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के द्वारा ग्राम पंचायत बिनैका सी एस आर मद से ग्राम पंचायत बिनैका के शाला में रंगमंच का निर्माण , रोड क्रांक्रीटीकरण और मंदिर के पास में रंग मंच और कमरा निर्माण कराया गया है।

उन्होंने कहा समय समय पर इस तरह के निःशुल्क शिविर लगाकर जरूरत मंदों को कम्पनी के द्वारा मदद की जाती है । उन्होंने बताया जाँच में जिन मरीजों में मोतियाबिंदपाया गया है उन सभी का मुफ्त में ऑपरेशन कराया जायेगा । उन्होंने कहा की हमें छोटी सी छोटी बीमारियों को हल्के में नहीं लेना चाहिए समय रहते डॉक्टरों से परामर्श कर स्वास्थ्य लाभ लेना चाहिए. हम चाहते हमारे क्षेत्र का हर व्यक्ति स्वस्थ और निरोग रहे । और इसी भावना से हमने इस शिविर का आयोजन किया है । जांच कराने आए जरूरत मंद मरीजो को निःशुल्क दवाए प्रदान की गई वही आख के मरीजो को नजर के चश्मे वितरण किया गए ।शिविर में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत बिनैका के सरपंच .मुकेश बंजारे , उपसरपंच कमलेश ध्रुव , एवं पंच गण तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे,शिविर को सफल बनाने के लिए संभव स्टील ट्यूब लिमिटेड के एम जी के मूर्ति ,सुचिता जैन , लक्ष्मी ,राकेश कुमार निर्मलकर ,जितेंद्र वर्मा ने सराहनीय सहयोग रहा ।

# चूना पत्थर का अवैध खनन एवं भंडारण, चार क्रशर प्लांट सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

मंदिर हसौद धनसुली के बाद अब खरोरा धनसुली, मुर्रा में माइनिंग विभाग के तगड़ा कार्यवाही जहां

प्रदेश में लगातार अवैध खनन भंडारण अवैध परिवहन तथा पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन कर चूना पत्थर खदान और क्रेशर प्लांट का संचालन करने से आम जन जीवन पर दुष्प्रभाव पड़ रहा था जिससे वातावरण दूषित होने से कृषि उपजाऊ जमीन तालाबो का पानी तथा वातावरण में धूल कण आम जन जीवन को प्रभावित कर रहे थे। जिससे आसपास के ग्रामीणों में काफी आक्रोश उत्पन्न हो रहा था। जहां मामले रायपुर कलेक्टर द्वारा संज्ञान में लेते हुए चूना पत्थर की खदानों पर जिला कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के आदेशानुसार एवम डिप्टीडायरेक्टर खनिज श्री राजेश मालवे के मार्गदर्शन में माइनिंग विभाग ने चाबुक चलाया जिसमें एक जिला रायपुर के तहसील खरोरा अंतर्गत ग्राम धनसुली एवं मुरा में आज खनिज विभाग के सह. खनिज अधिकारी उमेश भार्गव व खनिज विभाग के टीम द्वारा अचानक चूनापत्थर खंदानो और क्रेशर की जाँच किया गया जिसमे उक्त खदानों में खनिज नियमो एवं पर्यावरण नियमो का पालन नहीं करते हुए खनन कार्य किया जाना पाया तथा क्रेशर में स्वीकृत क्षमता से अधिक भंडारण व अवैध पाया गया।

■ धनसुली मुर्रा में माइनिंग विभाग ने की तगड़ी कार्रवाई

### इन पर कार्रवाई की

ग्राम धनसुली-श्री महालक्ष्मी लाइम स्टोन, मुरा क्रेशर,रीराम इंटरप्राइजेज, धनसुली,आशापुरा स्टोन क्वारी, धनसुली क्रेशर,राजेश भवनानी और आशीष अग्रवाल खदान जिसमें चार क्रेशर प्लांट को सील कर बंद किया गया तथा संचालनकर्ता को नोटिस दिया गया है।

# भाजपा का स्थापना दिवस 6 से मनाएंगे, होंगे विविध कार्यक्रम

**आरंग।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 6 अप्रैल को अपना 47वां स्थापना दिवस मनाएगी। यह कार्यक्रम देशभर के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के सभी मंडलों में विविध आयोजनों के रूप में आयोजित किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की। साथ ही प्रत्येक कार्यकर्ता स्थापना दिवस पर अपने घरों पर पार्टी ध्वज अवश्य लगाए व तस्वीरें सोशल मीडिया में साझा करने का आग्रह किया। बतौर अतिथि उपस्थित रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को हुआ था। तब से यह दिन हर वर्ष पार्टी के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। सभी स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाएँ। भाजपा आरंग मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि आरंग मंडल में स्थापना दिवस सुगम, व्यापक और गरिमामय रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए एक मंडल स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें पूरे कार्यक्रम हेतु संयोजक महामंत्री द्वय अशोक चंद्राकर, राकेश सोनकर, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्राकर, मंडल मंत्री पुरुषोत्तम साहू के संयोजन में कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर आयोजन को गरिमामय और प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जाएगा। स्थापना दिवस केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक पखवाड़ा भर कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इस दौरान बूथ स्तर और मंडल स्तर पर विविध आयोजन होंगे, जिनमें पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी। पार्टी के निर्देशानुसार जगह-जगह 6 अप्रैल को स्थापना दिवस मनाते हुए पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयास, जन-संपर्क गतिविधियाँ, लोगों से संवाद, सेवा कार्य, स्थानीय आयोजन, सामाजिक जागरूकता और सम्मान समारोह आदि आयोजित किए जाएंगे। लक्ष्य है कि स्थापना दिवस का उत्सव अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचे और संगठन का मजबूत आधार तैयार हो। इस बैठक में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णकुमार भारद्वाज, गणेश साहू, सभापति व पार्षद नरेंद्र लोधी, पार्षद प्रतिनिधि डॉ. तोषण साहू, मुरली चंद्राकर, जनपद सदस्य प्रीतम साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती संगीता साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष नीरज चंद्राकर, धनंजय साहू, श्रीमती पुष्पा यादव, वेदप्रकाश देवांगन सहित भाजपा के प्रदेश, जिला व मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

■ अपने घरों पर पार्टी ध्वज लगाए व तस्वीरें सोशल मीडिया में साझा करें

## पंजीयन से पहले ही गिरदावरी पोर्टल लॉक, किसान परेशान

**आरंग ।** प्रदेश के रबी दलहन-तिलहन उत्पादक किसानों को निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई पीएम आशा योजना का लाभ लेने से अनेक किसान वंचित हो गए हैं। इसका कारण किसान पंजीयन पोर्टल के पहले ही गिरदावरी पोर्टल को लॉक कर दिया जाना है। किसान पंजीयन हेतु शासन ने अंतिम तिथि बीते 31 मार्च निर्धारित किया था, लेकिन इसके पहले ही गिरदावरी पोर्टल विभागीय तालमेल न होने की वजह से बीते 26 मार्च से बंद हो गया है, जिसके चलते क्रॉप सर्वे का इंद्राज नहीं हो पा रहा। ज्ञातव्य हो कि केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने और संकटग्रस्त बिक्री को रोकने के उद्देश्य से किसानों के हित में विभिन्न दलहन-तिलहन फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान, जिसे संक्षेप में पीएम आशा योजना कहा जाता है, के अंतर्गत की है। प्रदेश के कृषि विभाग ने पहले एकीकृत किसान पोर्टल में ऐसे किसानों के पंजीयन हेतु बीते 01 दिसंबर से बीते 28 फरवरी तक की तिथि और क्रॉप सर्वे रिपोर्ट इंद्राज हेतु गिरदावरी पोर्टल 25 मार्च तक खुला रखने का निर्णय लिया था। इसी बीच कृषि संचालक व विभिन्न जिलाधीशों द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे का डाटा तकनीकी त्रुटि के कारण अपडेट नहीं हो पाने के फलस्वरूप संबंधित पोर्टल पर कृषक पंजीयन का रकबा/खसरा प्रविष्टि नहीं हो पाने की जानकारी देते हुए किसान पंजीयन की समयावधि बढ़ाने की मांग किए जाने पर किसान पंजीयन की तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी गई, पर राजस्व विभाग द्वारा किए जाने वाले क्रॉप सर्वे (गिरदावरी) का इंद्राज की निर्धारित तिथि विभागीय लापरवाही के चलते पूर्ववत 25 मार्च ही रह गई। इसकी वजह से खासकर 26 से 31 मार्च तक पंजीयन कराने वाले किसानों का डिजिटल क्रॉप सर्वे का डाटा इंद्राज नहीं हो पाने की जानकारी देते हुए किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, प्रमुख सचिव विकासशील व मुख्यमंत्री सचिवालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह को मेल से ज्ञापन भेज गिरदावरी पोर्टल आगामी 15 अप्रैल तक रबी उत्पादक किसानों के व्यापक हित में पुनः खुलवाने की मांग की है।

# कुंवरगढ़ महोत्सव से कला-संस्कृति को वैश्विक मंच मिला, बनी पहचान

हरिभूमि न्यूज : कुंवरगढ़

ऐतिहासिक नगरी कुंवरगढ़ के इतिहास में 'कुंवरगढ़ महोत्सव' ने अपनी भव्यता और सुव्यवस्थित आयोजन से एक नया अध्याय लिख दिया है। इस महोत्सव के बेहद शानदार और सफल आयोजन के लिए कुंवरगढ़ के आम नागरिकों और समस्त क्षेत्रवासियों ने स्थानीय विधायक अनुज शर्मा एवं अध्यक्ष गोविंद के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि विधायक अनुज शर्मा की दूरदर्शी सोच और व्यक्तिगत रुचि के कारण ही इतने बड़े स्तर पर सांस्कृतिक और ऐतिहासिक आयोजन संभव हो पाया है। उनकी विशेष पहल ने न केवल कुंवरगढ़ की पहचान को नई ऊंचाइयां दी हैं, बल्कि स्थानीय संस्कृति को भी वैश्विक मंच प्रदान किया है।

महोत्सव के दौरान उमड़ी जन सैलाब और कलाकारों की प्रस्तुतियों ने क्षेत्र में उत्साह का माहौल पैदा कर दिया। नागरिकों का मानना है कुंवरगढ़ के इतिहास में ऐसा पहला मौका था जब कुंवरगढ़ की विरासत को इतने भव्य रूप में मनाया गया। आयोजन समिति और स्थानीय प्रशासन के साथ विधायक के निरंतर समन्वय की प्रशंसा करते हुए लोगों ने कहा कि सुरक्षा, व्यवस्था और मनोरंजन के लिहाज से यह आयोजन 'शून्य त्रुटि' वाला रहा।

कुंवरगढ़ नगर पंचायत के अध्यक्ष गोविंद साहू नें विधायक अनुज शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम सब एक ऐसे ऐतिहासिक पल के साक्षी बने, जिसने हमारे क्षेत्र की पहचान को एक नई ऊंचाई दी है। कुंवरगढ़ के इतिहास में कई कार्यक्रम हुए, लेकिन 'कुंवरगढ़ महोत्सव' के रूप में जो भव्यता, जो अनुशासन और जो उत्साह हमने इन दिनों में देखा है, वह वाकई अविश्वसनीय है।

वहीं उपाध्यक्ष राजा खान नें कहा कि विधायक अनुज शर्मा जी ने कुंवरगढ़ की भावनाओं को समझा और अपनी कड़ी मेहनत से इस महोत्सव को सफल बनाया। उनके प्रयासों ने यह साबित कर दिया कि यदि नेतृत्व में इच्छाशक्ति हो, तो कला और संस्कृति के माध्यम से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।

## भगवान श्री राम हमारी आस्था के केंद्र : बजाज

**अभनपुर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खोला एवं ग्राम नायकबांधा में आयोजित रामचरितमानस प्रतियोगिता में रामायण में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज शामिल हुए। दोनों ही स्थानों पर उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ भगवान श्रीराम की महिमा का स्मरण करते हुए सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अशोक बजाज ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारी आस्था के केंद्र हैं और छत्तीसगढ़ की संस्कृति में उनका विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने संतों और तपस्वियों की रक्षा करते हुए राक्षसों का विनाश कर धर्म की स्थापना की। राम की भक्ति ही राष्ट्र की शक्ति है, साथ ही उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां अन्य देशों में युद्ध की स्थिति है, वहीं प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में शांति और व्यवस्था बनी हुई है, जो भगवान श्रीराम की कृपा से ही संभव है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल ने भी सभा को संबोधित करते हुए रामचरितमानस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल, सरपंच प्रतिनिधि तुलाराम साहू, सरपंच भारती साहू, विधायक प्रतिनिधि झंगलू राम साहू,आरआर साहू,बालमुकुंद साहू,,महेश तिवारी, तीजू राम साहू,टी.आर. तारक,थानेश्वर साहू, मेसुल साहू, संतोष साहू,श्यामलाल साहूसहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चैक डेम,गौठान तालाब आदि के निर्माण होंगे

# खुशवंत गुरु ने 106 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग




ग्राम पंचायत खमतराई में प्रदेश की भाजपा सरकार 'सुशासन' और 'सबका साथ-सबका विकास' के ध्येय के मूल मंत्र के साथ शुक्रवार को खमतराई में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने विकास कार्यों की सौगात दी और खेल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने खमतराई में 1 करोड़ 6 लाख रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया, जिसमें अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भवन एवं कंप्यूटर सहायक उपकरण, 200 टन क्षमता के खाद गोदाम, चेक डैम, गौठान तालाब में पचरी निर्माण, शासकीय प्राथमिक शाला भवन निर्माण, सीसी रोड मंडी बोर्ड शामिल हैं। साथ ही, उन्होंने 10 लाख रुपये की लागत से लोधी पारा में मंगल भवन निर्माण (अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण) के अंतर्गत होने वाले नए कार्यों का विधि-विधान से भूमिपूजन कर क्षेत्र की प्रगति को नई गति दी।

विकास कार्यों की सौगात देने के पश्चात, मंत्री महोदय ने 'खमतराई प्रीमियर लीग' (रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता) का शानदार शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। जनसभा को संबोधित करते हुए गुरु खुशवंत साहेब ने अपनी चिरपरिचित (अलंकारिक) शैली में कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में /"साय-साय विकास/" हो रहा है। खमतराई आगमन पर ग्रामवासियों ने मंत्री जी का अभूतपूर्व और आत्मीय स्वागत किया। हनुमान समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू एवं समिति सदस्यों द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में लोक बयार गंगा प्रसाद साहू का रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, अभिषेक (बाबी) कश्यप उपाध्यक्ष सहकारी समिति केंद्रीय बैंक रायपुर, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष रवींद्र (रिंकू) चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, पार्षद नरेंद्र लोधी व संतोष लोधी, राकेश सोनकर, वरिष्ठ गण के.के. भारद्वाज, गणेश साहू, चंद्रशेखर साहू, संतोष चंद्राकर, लोकनाथ साहू आदि एवं सरपंच सती बिशन लहरी, कोमन नारायण साहू, पूनमचंद साहू, उपसरपंच ज्ञानचंद लोधी, पंच गण मोहित साहू, करुणा यादव, सुमति साहू, जितेंद्र साहू, सियाराम साहू, ताराचंद साहू, फेरूराम लोधी, कुमारी लोधी, उपस्थिति रही।

## रास सांसद फूलों देवी का कांग्रेस ने किया स्वागत

**अभनपुर।** महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती फूलों देवी नेताम के पुनः राज्यसभा सांसद बनने के पश्चात उनके धमतरी प्रवास के दौरान अभनपुर स्थित विश्राम गृह में आगमन पर पीसीसी सचिव प्रवीण साहू के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर सांसद का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्रीमती नेताम ने कार्यकर्ताओं के साथ जनहित के विभिन्न मुद्दों एवं कांग्रेस पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा करते कहा कि क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्राथमिकता के साथ सदन में उठाया जाएगा तथा उनके निराकरण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण श्रीमती केशरी मोहन साहू , विद्याभूषण सोनवानी, गिरधारी साहू, चंद्रहास साहू, श्रीमती नीमा निंबेकर, श्रीमती देवननंदनी साहू, श्रीमती दीपाली राजपूत, श्रीमती शीला कालडा, उत्रसेन गहिरवारे, बलविंदर गांधी, नीलकमल गिलहरे, नंदकुमार साहू, राजेश कुमार साहू, दिनेश राव अंबिलकर, दिलीप बंजारे, विमल साहू, अजय सेन, श्रीमती पूजा साहू, श्रीमती अनुसुइया साहू, श्रीमती ज्योति यादव, श्रीमती रेखा तिवारी, श्रीमती रेणुका साहू, श्रीमती रोशनी कोसले, श्रीमती सुलोचना पटेल, श्रीमती धनेश्वरी डांडे, श्रीमती किरण साहू, श्रीमती शकुंतला मांडे, श्रीमती भुवनेश्वरी सिन्हा, डोमेन्द्र साहू, वीरेंद्र सिन्हा, यशवंत सिन्हा, पार्थ वैष्णव, सोनजीत ध्रुव, संजीव गिरी गोस्वामी, शैलेंद्र यादव, डॉ. ओमप्रकाश साहू, मनोज सोनवानी, शेख लतीफ खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित ।

# मैनुअल स्टाम्प पेपर बेचने वाले वेंडरों की संख्या अब नहीं बढ़ेगी, पंजीयन विभाग ने नए लाइसेंस पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

खास खबर


रायपुर जिले में अब मैनुअल स्टाम्प पेपर बेचने वाले वेंडरों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं होगी। पंजीयन विभाग ने नवीन स्टाम्प वेंडर लाइसेंस पर रोक लगा दी है। इस आदेश के बाद जिले में मैनुअल स्टाम्प की बिक्री करने नवीन लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया भी बंद हो गई है। हालांकि सूत्रों के अनुसार इस आदेश के पूर्व पंजीयन विभाग में स्टाम्प वेंडर के नवीन लाइसेंस के लिए कई लोग आवेदन कर चुके हैं, लेकिन प्रदेश में जब से ई-स्टाम्प पेपर की सुविधा शुरू हुई है, तब से नए लाइसेंस जारी नहीं किए जा रहे हैं।

**ई-स्टाम्प पेपर की सुविधा ने घटाई मैनुअल वेंडरों की डिमांड :** प्रदेश में ई-स्टाम्प पेपर की सुविधा शुरू हुए कई वर्ष बीत चुके हैं। इस सुविधा के शुरू करने का मुख्य उद्देश्य धोखाधड़ी रोकना और पारदर्शी लाना है। ई-स्टाम्प पेपर स्टाम्प ड्यूटी का भुगतान करने का एक डिजिटल और सुरक्षित तरीका है। इसमें जालसाजी का जोखिम कम है। इसे आसानी से राज्य या विशिष्ट पोर्टल के माध्यम से या पंजीयन कार्यालय के ई-स्टाम्प केंद्र से ऑनलाइन खरीदा जा सकता है। इस तरह जालसाजी का जोखिम कम और सुरक्षित होने के कारण लोग भी मैनुअल की जगह ई-स्टाम्प पेपर ज्यादा खरीद रहे हैं।

**दीवार पर आदेश चस्पा :** नवीन स्टाम्प वेंडर लाइसेंस पर रोक लगाने संबंधी आदेश को पंजीयन विभाग कार्यालय की दीवारों पर चस्पा कर दिया है। इस आदेश के बाद अब लोगों ने नवीन लाइसेंस के लिए आवेदन करना भी बंद कर दिया है। यह आदेश मार्च में जारी हुआ है।

### छोटे प्रकरणों में मैनुअल स्टाम्प का इस्तेमाल

पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री, पॉवर ऑफ अटॉर्नी आदि के लिए लोग अब ई-स्टाम्प पेपर ही खरीदते हैं। कोर्ट में भी ज्यादातर प्रकरणों में 500 रुपए से अधिक राशि के लिए ई-स्टाम्प पेपर का ही इस्तेमाल होता है। 10, 20, 50, 100 रुपए तक के स्टाम्प पेपर मैनुअल ज्यादाता बिकते हैं। इन स्टाम्प पेपर का उपयोग किरायेदार, वाहन बिक्री आदि जैसे इकरारनामा के लिए ही किए जाते हैं। इसलिए मैनुअल वेंडरों के पास भी 500 से अधिक राशि वाले स्टाम्प पेपर नहीं के बराबर होते हैं, क्योंकि इससे अधिक राशि के लिए ई-स्टाम्प पेपर का ज्यादा उपयोग होता है।




**आगामी आदेश जारी होने तक रोक**

नवीन स्टाम्प वेंडर लाइसेंस पर रोक लगाई गई है। आगामी आदेश जारी होने तक यह रोक लगी है। ई-स्टाम्प पेपर की सुविधा जालसाजी रोकने एवं पारदर्शिता के लिए लाई गई है, इसलिए मैनुअल स्टाम्प से ई-स्टाम्प की सुविधा ज्यादा अच्छी है। - **विनोज कोचे**, पंजीयक, पंजीयन विभाग रायपुर

### जिले में 100 से अधिक लाइसेंस जारी

सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में पहले से 100 से अधिक मैनुअल वेंडरों को लायसेंस जारी हो चुके हैं। यह अनुमानित संख्या है। संख्या कम और ज्यादा भी हो सकती है। हालांकि सूत्रों से यह भी पता चला है कि कुछ ऐसे भी वेंडर स्टाम्प पेपर बेच रहे हैं, जिनके पास लायसेंस नहीं है। इसका खुलासा तभी हो पाएगा, जब स्टाम्प वेंडरों के लायसेंस का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। पिछले कई वर्षों से मैनुअल स्टाम्प वेंडरों के लायसेंस की जांच तक नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप

### बरौदा में अखण्ड रामायण स्पर्धा शुरू

**रायपुर।** ग्राम बरौदा में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्रजी के एक दिवसीय अखण्ड रामायण प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार से शुरू हुआ, 5 अप्रैल को शाम 5 बजे विसर्जन होगा। समस्त ग्रामवासी एवं श्रोता अखण्ड रामायण को सुनने बड़ी संख्या में पहुंचे और अखण्ड रामायण का श्रवण किया। प्रत्येक मानस मंडली को प्रोत्साहन राशि, श्रीफल, राम फेटा, स्मृति चिन्ह भेंट स्वरूप दिए जाएंगे। माता सेवा एवं मानस परिवार के सदस्य भोजू साहू ने बताया कि यह आयोजन माता सेवा एवं मानस परिवार व समस्त ग्रामवासी बरौदा द्वारा किया जा रहा है।

### सिंधी समाज सेवियों का आज होगा सम्मान

**रायपुर।** सिंधी समाज और सहयोग एक सामाजिक संस्था द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 5 अप्रैल को सिंधीयत रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदर देवानी ने बताया कि समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सच्चे समाज सेवकों और सामाजिक संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रायपुर के समस्त सेवाधारी और समाज की समस्त संस्थाओं का यह अपना आयोजन होगा। कार्यक्रम में शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में संत उदय लाल शादाणी, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, संतोष, विक्की लोहाना, किशोर आहूजा, जीतू बड़वानी, अमर चंदानी, राजू तारवानी, महेश आहूजा, अमर चंदानी, राजू तारवानी, महेश आहूजा, महेश खिलनानी और संपूर्ण समाज के पदाधिकारी, सहयोग ग्रुप के महेश खिलनानी, मनीष थरानी, विजय गोवानी, मनोहर टकरानी, मनोहर डेंगवानी, अंकित रोहरा भी शामिल होंगे।

### बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए निशुल्क बांटे सकोरा



**रायपुर।** संस्था बढ़ते कदम मानव सेवा के साथ-साथ बेजुबान पक्षियों एवं पशुओं की सेवा के लिए भी हमेशा प्रयासरत रहती है। इसी कड़ी में हर वर्ष तरह इस वर्ष भी संस्था द्वारा रायपुर शहर के विभिन्न स्थलों पर स्टाल लगाकर दाना सकोरा एवं कोटना का निशुल्क वितरण किया जाता है। जिन्हें भी बेजुबान पशु-पक्षियों की सेवा करनी हो, वे संस्था में कार्यालय में आकर दाना, सकोरा व कोटना निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं व इस पुण्य के कार्य मे सहभागी बन सकते हैं।



## अपार्टमेंट की लिफ्ट में आग लगने से बड़ी दुर्घटना टली


# अपार्टमेंट, बंद गोदाम और मकान में आग लगने से मच गया हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- गर्मी बढ़ते ही आगजनी की घटना बढ़ने लगी

गर्मी शुरू होते ही आगजनी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। फायर ब्रिगेड के पास नियमित तीन से चार आग बुझाने के लिए कॉल आ रहे हैं। शनिवार को राजधानी के तीन अलग-अलग क्षेत्रों में शार्ट सर्किट के साथ अन्य कारणों से आग लगने की घटनाएं हुई हैं। पंडरी थाना क्षेत्र के एक अपार्टमेंट में तथा खमतराई थाना क्षेत्र के एक बंद गोदाम में और राखी थाना क्षेत्र में हिदायातुल्ला लॉ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर आवासीय परिसर में एक प्रोफेसर के निवास में आग लगने की घटना हुई है।

पंडरी थाना क्षेत्र के डॉल्फिन ज्वेलो अपार्टमेंट में उस समय हड़कंप मच गया, जब लोगों ने लिफ्ट के अंदर से धुंआ उठते देखा। घटना दोपहर की है। घटना के समय ज्यादातर लोग अपने घरों में थे। धुंआ तेजी से परिसर में फैलने लगा। धुंआ फैलता देख लोगों ने एक दूसरे की मदद करते हुए सभी को अपार्टमेंट से बाहर निकाला। सबसे ज्यादा परेशानी उम्रदराज लोगों को सीढ़ी के रास्ते नीचे उतारने के दौरान हुई। बुजुर्ग काफी घबराए हुए थे।



### सेफ्टी उपकरणों की जांच कराने अपील

गर्मी शुरू होने के बाद आग की बढ़ती घटना को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अपने भवनों में फायर सेफ्टी उपकरणों की नियमित जांच करवाएं और किसी भी आपात स्थिति में सतर्कता बरतें, ताकि आगजनी की घटनाओं से बचा जा सके।

### पुलिस को नहीं दी घटना की जानकारी

आग लगने के संबंध में पंडरी थाने की पुलिस से संपर्क किया गया, तो पंडरी टीआई का कहना है कि संबंधित अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी नहीं दी। अन्य माध्यमों से आग लगने की सूचना मिलने पर क्षेत्र में तीन से चार डॉल्फिन नाम के अपार्टमेंट हैं, वहां पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को भेजा, लेकिन किसी ने पुलिस को आग लगने के बारे में जानकारी नहीं दी। इसके बाद पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी बैरंग थाने लौट आई।

### राहत की बात यह रही लिफ्ट में कोई नहीं था

शार्ट सर्किट की वजह से लिफ्ट में आग लगने की आशंका जताई जा रही है। राहत की बात यह रही कि घटना के समय लिफ्ट में कोई नहीं था। लिफ्ट में किसी के होने से गंभीर हादसा होने की बात से इनकार नहीं किया जा सकता। अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों ने आरोप लगाया है कि लंबे अरसे से लिफ्ट का रख रखाव नहीं किया गया है। इस वजह से आग लगने की घटना हुई है। आग की चपेट में आने से लिफ्ट पूरी तरह से खराब हो गई है।

### प्रोफेसर निवास तथा बंद पड़े गोदाम में आग

एक अन्य घटना में राखी थाना क्षेत्र के एचएनएलयू के परिसर में बने एक प्रोफेसर के मकान में आग लगने की घटना हुई। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है। शार्ट सर्किट से प्रोफेसर के मकान में आग लगने की आशंका जताई जा रही है। ऐसा ही एक अन्य मामला भनपुरी स्थित एक तंबाकू गोदाम में आग लगने की घटना हुई। गोदाम लंबे अरसे से बंद था। बताया जा रहा है, गोदाम के बाहर किसी ने कचरे की ढेर में आग लगा दी। आग ने फैलकर गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया।

# टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता का विरोध, दिल्ली के रामलीला मैदान में शिक्षकों ने किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।



- देशभर से 20 लाख शिक्षक अपनी नौकरी और अधिकारों के लिए एकजुट

शनिवार को दिल्ली के रामलीला मैदान पर देशभर से आए करीब 20 लाख शिक्षक अपनी नौकरी और अधिकारों की आवाज बुलंद करने एकत्रित हुए। इस आंदोलन में देश भर के सभी राज्यों के शिक्षक शामिल हैं। इनमें छत्तीसगढ़ से भी 5 हजार से अधिक शिक्षक रैली में शामिल हुए। फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले आयोजित इस आंदोलन में देश भर के शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा के अनिवार्यता का जमकर विरोध किया।

रैली का नेतृत्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा, केदार जैन, रविंद्र राठौर, बसंत कौशिक, राजू टंडन, धर्मदास पाटील सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने मंच का संचालन किया। रैली में शामिल शिक्षक नो टीईटी, बिफोर आईटीआई एक्ट का नारा बुलंद करते रहे।

दरअसल, टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता को लेकर देश भर के शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है, देश भर के शिक्षकों ने रामलीला मैदान दिल्ली में शनिवार को संसद में विधेयक लाकर टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग, नियुक्ति की मूल सेवा शर्तो का सम्मान करने सहित 20 से 25 वर्षो से सेवा कर रहे शिक्षकों को नई परीक्षा के नाम पर प्रताड़ित करना बंद करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के आव्हान पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से शिक्षक अलग-अलग माध्यम से दिल्ली पहुंचे। इसी तरह देश भर से बड़ी संख्या में नई दिल्ली रामलीला मैदान में हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। इस आंदोलन में प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा प्रदेश सचिव राजू टंडन कार्यकारी अध्यक्ष बसंत कौशिक पूरे 146 विकासखंड से बड़ी संख्या शिक्षक आंदोलन में अपने हक की आवाज बुलंद करने जुटे।




# पश्चिम एशिया में युद्ध के बादल से सरकारी निर्माण पर भारी संकट, परेशान ठेकेदारों ने बुलाई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- डामर और टाइल्स की किल्लत से निर्माण ठप होने के कगार पर

पश्चिम एशिया के ईरान का खाड़ी देशों के अलावा अमरेरिका के साथ चल रहे युद्ध का असर सरकारी निर्माण कार्यों पर पड़ता हुआ दिख रहा है। टेंडर स्वीकृति के बाद से निर्माण सामग्री का रेट तेजी से बढ़ने के कारण कार्य ठप होने के कगार पर है, क्योंकि डामर और टाइल्स की किल्लत छत्तीसगढ़ में ज्यादा है। ऐसे में प्रदेशभर के ठेकेदार पीडब्ल्यूडी और पीएम सड़क योजना से बनने वाली सड़कों का काम बंद करने की तैयारी में हैं। उनका कहना है कि डामर क्रूड ऑयल से बनता है, जिसकी कीमत 50 हजार टन से अब 84 हजार टन तक पहुंच गई है। वहीं गैस की कमी के कारण टाइल्स को लेकर भी किल्लत की स्थति है। ऐसे में दोहरी मार पड़ने से छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन 10 अप्रैल को अपनी कोर कमेटी की बैठक में निर्माण बंद करने का बड़ा ऐलान कर सकता है। गौरतलब है कि राजधानी सहित प्रदेश में करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य चल रहे हैं। गर्मी के सीजन में ही सबसे ज्यादा डामरीकरण के कार्य होते हैं। वहीं सरकारी भवनों का काम भी प्रभावित हो रहा है, जबकि टेंडर स्वीकृति के दौरान निर्माण सामग्री के रेट सामान्य थे, लेकिन हर चीज में 20 से 25 प्रतिशत तक तेजी से बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में निर्माण कार्य कराना ठेकेदारों के लिए संभव नहीं हो पा रहा है। सड़कों का डामरीकरण ठप होने के कगार पर है। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर काफी प्रभावित हुआ है। लोहा की कीमत बढ़ने से ओवरब्रिज और अंडरब्रिज का निर्माण पूरा करने के लिए तय लागत से 30-35 प्रतिशत ज्यादा लग रहा है।


### कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी एक नजर में

| सामग्री | पहले | अब |
|---|---|---|
| स्टील | 5500 क्विंटल | 6500 क्विंटल |
| सीमेंट | 260 रुपए बोरी | 290 रुपए बोरी |
| डामर | 50 हजार टन | 84 हजार टन |
| एल्यूमिनियम पार्ट | 320 रुपए किलो | 435 रुपए किलो |
| गिट्टी | 22 रुपए फीट | 40-42 रुपए फीट |

### कोर कमेटी की बैठक में होगा फैसला

छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बीरेश शुक्ला के अनुसार सरकारी निर्माण कार्यों की टेंडर दरों की अपेक्षा सामग्री के रेट काफी बढ़े हैं। सड़क बनाने वाले ठेकेदारों को डामर का स्टॉक नहीं मिल रहा है। इस स्थिति में एसोसिएशन की कोर कमेटी की बैठक 10 अप्रैल को आहूत की गई है, जिसमें प्रदेशभर से ठेकेदार शामिल होंगे। बैठक में सुझाव और विस्तृत चर्चा करने के बाद फैसला लेंगे।

# अनेकता में एकता भारत की सबसे बड़ी शक्ति




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के लोकभवन (राजभवन) में 1 अप्रैल को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत 6 राज्यों (मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, ओडिशा, राजस्थान) और दादरा-नगर हवेली एवं दमन-दीव (केंद्र शासित प्रदेश) का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधायक पुरंदर मिश्रा की उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। विभिन्न राज्यों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भारत की समृद्ध परंपरा, विविधता एवं सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में शामिल होकर उत्कल गाड़ा महिला महामंच की प्रदेशाध्यक्ष सावित्री जगत ने कहा कि यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता का अद्भुत प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि भारत का प्रत्येक राज्य अपनी विशिष्ट संस्कृति, भाषा और परंपराओं के माध्यम से राष्ट्र की एकता को मजबूत करता है। यही "अनेकता में एकता" हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और यही भारत की पहचान है।















### पहले चरण में ब्लाक स्तर के 45 हजार कनेक्शन शामिल

# सरकारी विभागों ने नहीं कराया रीचार्ज नहीं हो सके बिजली कनेक्शन प्रीपैड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के सरकारी विभागों ने रीचार्ज कराया ही नहीं, इसलिए अप्रैल से प्रीपैड होने वाले कनेक्शन प्रीपैड नहीं हो सके हैं। अब छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी विभागों को प्रक्रिया के बारे में समझाने में लगी है, ताकि विभाग रीचार्ज करा लें तो कम से कम अगले माह से उनके कनेक्शन प्रीपैड हो जाएं। पहले चरण में ब्लाक स्तर के सभी सरकारी विभागों के करीब 45 हजार कनेक्शनों को प्रीपैड किया जा रहा है। इनको तीन माह का रीचार्ज करना होगा। इसी के साथ अलग-अलग चरणों में प्रदेश के सभी 1.72 लाख बिजली कनेक्शनों को प्रीपैड कर दिया जाएगा।

प्रदेशभर में पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। 1.72 लाख सरकारी विभागों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसमें से करीब 160 लाख में ये मीटर लग गए हैं। बचे करीब 12 हजार मीटरों को भी लगाने का काम तेजी से हो रहा है। ये मीटर पंचायतों और आंगनबाड़ी के ही ज्यादा बचे हैं।

## अगले माह होंगे, बता रहे प्रक्रिया



### समझा रहे प्रक्रिया

ब्लाक स्तर के जिन भी सरकारी विभागों के कनेक्शनों को प्रीपैड किया जाना है, उनको प्रक्रिया के बारे में बताया जा रहा है। प्रक्रिया पूरी होने पर कनेक्शनों को प्रीपैड करेंगे।
- भीम सिंह कंवर, एमडी, वितरण कंपनी

### तीन-तीन माह का करना होगा रीचार्ज

पहले चरण में ब्लाक स्तर पर करीब 45 हजार सरकारी बिजली कनेक्शनों को प्रीपैड करने की तैयारी है। इन सभी कनेक्शनों के विभागों को अपने बजट से तीन-तीन माह का रीचार्ज कराना होगा। जिस विभाग का एक माह का जितना बिल आता है, उसको देखते हुए तीन माह के बिल के बराबर की राशि का रीचार्ज कराना होगा। इस रीचार्ज के समाप्त होने से पहले आने वाले तीन माह के लिए फिर से रीचार्ज कराना होगा। पॉवर कंपनी के अधिकारी ब्लाक स्तर के सभी सरकारी विभागों को प्रक्रिया के बारे में बता रहे हैं कि किस तरह से उनको अपने कनेक्शनों के लिए रीचार्ज कराना है। इस माह के अंत तक संभावना जताई जा रही है कि सारे विभाग रीचार्ज करा लेंगे तो अगले माह से इनके कनेक्शनों को प्रीपैड कर दिया जाएगा।

### तीन हजार करोड़ बकाया

सरकारी विभागों पर बकाया लगातार बढ़ते जा रहा है। बीते साल अगस्त में यह बकाया 1988 करोड़ था जो बढ़ते-बढ़ते मार्च 2025 में 2444.91 करोड़ हो गया था। अब यह बकाया करीब तीन हजार करोड़ हो गया है। इसमें सबसे बड़ा बकाया नगरीय निकायों पर दो हजार करोड़ से ज्यादा का है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 600 करोड़ से ज्यादा है। इसी के साथ अन्य विभागों पर एक करोड़ से लेकर सौ करोड़ तक का बकाया है। यह बकाया मार्च तक 35 सौ करोड़ तक होने का अनुमान है। इस बकाया को प्रदेश सरकार विभागों के बजट से ही किस्तों में पॉवर कंपनी को देगी। प्रदेश सरकार के किस्तों में बकाया मिलने भी लगा है। एक किस्त में छह सौ करोड़ मिल गए हैं।

### एसीआई में आठ माह से नहीं हो रहा ऑपरेशन

# हार्ट सर्जरी की खातिर भर्ती हो चुके मरीज इंतजार जरूरी सामान के मिलने का

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य के एकमात्र शासकीय अस्पताल में हार्ट सर्जरी कराने के लिए दो मरीज भर्ती हो चुके हैं। ऑपरेशन पूरा करने के लिए जरूरी सामान का वर्क आर्डर जारी होने का इंतजार है। जरूरी सामान की अनुपलब्धता की वजह से यहां मरीजों का ऑपरेशन अटका हुआ है। विभागीय स्तर पर इसके लिए टेंडर प्रक्रिया काफी लंबे समय से पूरी की जा रही है, जिसके अब अंतिम दौर में पहुंचने के दावे किए जा रहे हैं।




आंबेडकर अस्पताल के एडवांस कार्यिडक इंस्टिट्यूट के कार्डियक सर्जरी विभाग में आने वाले मरीजों की सुविधाओं के विस्तार की तरफ गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। इसका स्पष्ट प्रमाण यहां आठ महीने से बाईपास, ओपन हार्ट तथा वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी का बंद होना है। ऑपरेशन में लगने वाले जरूरी सामान की उपलब्धता के लिए विभागीय स्तर पर टेंडर की प्रक्रिया लंबे समय से पूरी की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक एल-1 के रूप में वेंडर तय हो चुका है, मगर वर्क आर्डर जारी नहीं होने की वजह से उसके द्वारा सामान सप्लाई नहीं किया जा रहा है। इधर कंपनी तय होने के बाद ऑपरेशन का रास्ता क्लीयर होने की आस में कार्डियक सर्जरी विभाग में दो मरीजों को भर्ती किया जा चुका है। चिकित्सकों का कहना है कि सामान की उपलब्धता होने पर मरीजों की आवश्यक सर्जरी पूरी की जाएगी। संभावना है कि रविवार अवकाश बीतने के बाद इसकी प्रक्रिया में तेजी आएगी।

### बजट में मिले 10 करोड़

राज्य शासन ने हृदय की बीमारियों का इलाज करने वाले इस एकमात्र शासकीय अस्पताल को डेवलप करने के लिए इस बार दस करोड़ की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से उपचार से संबंधित उपकरण सहित अन्य सामान जुटाए जाएंगे। शासन द्वारा पिछली बार के बजट में भी इतनी ही राशि दी गई थी, जिसका उपयोग कार्डियोलॉजी विभाग को उन्नत करने में किया गया था।

### मैन पॉवर की कमी बनी हुई

हृदय रोगियों के इलाज के लिए बनाए गए इस अस्पताल में मैन पॉवर (चिकित्सकों) की कमी है। कमी को दूर करने के लिए संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए कालेज स्तर पर कई बार प्रयास किया गया है, मगर वेतन सहित अन्य कारणों से कमी दूर नहीं हो पाई है। दोनों विभाग में चिकित्सकीय स्टाफ का जो सेटअप है, उसकी भी पूरी पूर्ति नहीं पाई है।

# अनुबंध सेवा के लिए काउंसिलिंग अनिवार्य, नहीं तो जब्त हो सकती है एमबीबीएस विद्यार्थियों की बांड राशि




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शासकीय कालेजों में मेडिकल की पढ़ाई करने के बाद अनुबंध सेवा की पोस्टिंग के लिए काउंसिलिंग में शामिल होना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने वाले एमबीबीएस कर चुके विद्यार्थियों की बांड राशि जब्त करने के साथ अन्य कार्रवाई भी की जा सकती है। चिकित्सा शिक्षा कार्यालय द्वारा काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए 12 तक आवेदन और दावा आपत्ति के बाद 17 अप्रैल को मेरिट सूची जारी की जाएगी।

राज्य के दस शासकीय महाविद्यालयों में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले चिकित्सा अधिकारियों को नियम के अनुसार दो साल की अनुबंध सेवा पूरी करनी होगी। स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पताल तथा मेडिकल कालेजों में बांड पोस्टिंग की संविदा नियुक्ति के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी कर इन्हें हेल्थ सेंटरों का आवंटन दिया जाएगा। काउंसिलिंग की प्रक्रिया चिकित्सा शिक्षा विभाग पूरी कर रहा है। बांड पोस्टिंग की काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए इन चिकित्सा अधिकारियों को 12 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। प्राप्त आवेदनों पर दावा-आपत्ति के बाद 17 अप्रैल को विद्यार्थियों के प्राप्तांक के आधार पर उन्हें बांड पोस्टिंग दी जाएगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस काउंसिलिंग में वर्ष 2026 में राज्य के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों से उत्तीर्ण समस्त अनुबंधित छात्र-छात्राएं इस काउंसलिंग में अनिवार्य रूप से भाग लेंगे। इसमें कोई छात्र अगर शामिल नहीं होता तो निर्धारित बांड राशि के भुगतान सहित अन्य कार्यवाही की जिम्मेदारी उनकी होगी।

### च्वाइस फीलिंग भी, अंकों के आधार पर मेरिट सूची

अधिकारियों के मुताबिक एमबीबीएस की पढ़ाई के दौरान आयुष विवि द्वारा जारी अंकों के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार की जाएगी। किन्ही दो अभ्यर्थी के अगर सामान अंक है तो पोस्टिंग के लिए उन्हें उम्र के आधार पर वरीयता दी जाएगी। दावा आपत्ति की सारी प्रक्रिया जेएनएम मेडिकल कालेज के काउंसिलिंग कक्ष, कमरा नंबर 500 से पूरी की जाएगी। काउंसिलिंग के लिए एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चुके विद्यार्थियों को पसंदीदा क्षेत्र और हेल्थ सेंटर का चयन (च्वाइस फीलिंग) भी करना होगा।

# स्वास्थ्य कार्यक्रम का प्रसारण कल

रायपुर। दूरदर्शन केंद्र रायपुर से 6 अप्रैल को शाम 6 बजे कार्यक्रम डॉक्टर कहत हे क्रम मुं मोटापा कारण, रोकथाम और उपचार विषय पर चर्चा का प्रसारण किया जायेगा। इस चर्चा में अंचल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनिमेष चौधरी अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हर्षिता शुक्ला करेंगी।

